रोहतक

शनिवार, 8 नवंबर, 2025

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, तृतीया, वर्ष : 29, अंक : 279

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**

अधि. 29.2

न्यून. 9.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,216.28 | 94.73 ▼ |
| निफ्टी | 25,492.30 | 17.40 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट/स्थिर |
|---|---|---|
| सोना | 1,24,600/- | 100/- ▼ |
| चांदी | 1,53,300/- | 00/- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.61 | 02 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 64.07 बैरल 1.09% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### पीएम दिखाएंगे 4 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी से चार नई वंदे भारत ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच चलने वाली ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। *एजेंसी*



### एआई के उपयोग से यूएस में गईं 1.5 लाख नौकरियां

**नई दिल्ली।** एआई का दुष्प्रभाव दिखने लगा है। निवेशकों को एआई कंपनियों को लेकर चिंताएं सताने लगी हैं। अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आहट से रोजगार संकट बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर में ही अमेरिका में करीब 1.53 लाख लोगों की नौकरियां गईं। अब तक साल 2025 में करीब 11 लाख नौकरियां जा चुकी हैं। *एजेंसी*



### शमी की पत्नी ने गुजारा भत्ता बढ़ाने की अर्जी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पश्चिम बंगाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा है। यह नोटिस शमी की अलग रह रही पत्नी हसीन जहां की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें उन्होंने गुजारा भत्ता बढ़ाने की मांग की है। हसीन जहां ने कोर्ट से कहा है कि वर्तमान राशि उनके और बेटी के खर्चों के लिए अपर्याप्त है। *एजेंसी*



### अमेरिका भारत को देगा 113 तेजस ईंजन

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे। *एजेंसी*

### तकिया मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मप्र हाईकोर्ट के तकिया मस्जिद गिराने के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यह फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में वहां दोबारा मस्जिद बनवाने की अपील की। एजेंसी



**शीर्ष कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दिए सख्त आदेश**

•

**स्कूल, कॉलेज व अस्पतालों में बाड़ लगाई जाए**

•

**कुत्तों को शेल्टर होम में रखें, सभी राज्यों के मुख्य सचिव नियमों का पालन करें**

# स्कूल, अस्पताल और हाईवे से आवारा कुत्ते हटाएं नसबंदी के बाद उसी जगह वापस न छोड़ें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा काटे जाने की घटनाओं में ''खतरनाक वृद्धि'' का शुक्रवार को संज्ञान लिया और प्राधिकारियों को ऐसे कुत्तों को निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में ले जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सहित सभी प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से आवारा पशुओं और मवेशियों को हटाया जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की विशेष पीठ ने आवारा कुत्तों के मामले में कई निर्देश पारित किए।

## नगर निगमों को अब 24 घंटे पेट्रोलिंग और हेल्प लाइन जारी करनी होगी

### कोर्ट के आदेश की खास बातें

- सभी नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर लगाने होंगे।
- सभी राज्यों के मुख्य सचिव निर्देशों का सख्ती से पालन कराएंगे। स्टेटस रिपोर्ट व हलफनामा 3 हफ्ते में दायर किया जाए।
- राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश 2 हफ्ते में ऐसे सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेज, अस्पतालों की पहचान करेंगी, जहां आवारा जानवर और कुत्ते घूमते हैं। उनकी एंट्री रोकने के लिए बाड़ लगाई जाएगी।
- कैंपस और बाड़ के रखरखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत 3 महीने में कम से कम एक बार इन कैंपस की जांच करें।
- पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था।

### नगर निकाय और पंचायत हर तीन माह में निरीक्षण करें

पीठ ने कहा कि स्थानीय नगर निकाय और पंचायत ऐसे सभी परिसरों का हर तीन महीने में कम से कम एक बार नियमित निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन संस्थानों के भीतर या आसपास आवारा कुत्तों का कोई निवास स्थान न हो। पीठ ने कहा, ''किसी भी शैक्षणिक संस्थान या अन्य संस्थानों के परिसर में पाए जाने वाले प्रत्येक आवारा कुत्ते को पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुसार उचित बधियाकरण और टीकाकरण के बाद तुरंत आश्रय स्थल में ले जाना होगा।

### आवारा पशुओं को हाईवे से हटाएं

*पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अगस्त में पारित एक आदेश का हवाला दिया जिसमें शहर की सड़कों और राजमार्गों पर आवारा पशुओं के खतरे से निपटने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाना सुनिश्चित करें। उसने कहा कि प्राधिकारी राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के उन हिस्सों की पहचान करने के लिए एक संयुक्त समन्वित अभियान चलाएंगे।*

## ट्रायल स्थगित करने की मांग खारिज, अब सीबीआई कोर्ट में तय होंगे आरोप

# मानेसर लैंड स्कैम में पूर्व सीएम हुड्डा को झटका, याचिका खारिज

**सीबीआई पहले ही मामले में चालान दाखिल कर चुकी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को झटका देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने मानेसर भूमि अधिग्रहण मामले में ट्रायल स्थगित करने की मांग की थी। हुड्डा ने दलील दी थी कि चूंकि सह-आरोपितों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल पर रोक लगाई हुई है, इसलिए उनके खिलाफ भी सुनवाई नहीं चल सकती। जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि सह-आरोपितों के खिलाफ ट्रायल पर रोक लगना, याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही स्थगित करने का आधार नहीं हो सकता। भले ही सह-आरोपियों के खिलाफ रोक हो, अदालत उनके खिलाफ आरोप तय कर सकती है और साक्ष्य दर्ज कर सकती है। हुड्डा की ओर से दलील दी गई थी कि यह मामला एक ही लेन-देन और साजिश से जुड़ा है, इसलिए ट्रायल अलग-अलग नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि चूंकि सह-साजिशकर्ताओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल रोका हुआ है, ऐसे में अकेले उनके खिलाफ आरोप तय नहीं किए जा सकते और न ही गवाहों के बयान दर्ज हो सकते हैं।

*▶▶ जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि सह-आरोपितों के खिलाफ ट्रायल पर रोक लगना, याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही स्थगित करने का आधार नहीं हो सकता। भले ही सह-आरोपियों के खिलाफ रोक हो, अदालत उनके खिलाफ आरोप तय कर सकती है और साक्ष्य दर्ज कर सकती है।*



### 2018 में 34 के खिलाफ दाखिल हुई चार्जशीट

*केंद्रीय एजेंसी ने सितंबर 2015 में जांच शुरू की थी और 2018 में हुड्डा समेत 34 लोगों के खिलाफ 80,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि सरकारी उद्देश्यों के नाम पर गुरुग्राम जिले के मानेसर और आसपास के गांवों के किसानों से सस्ते दामों पर सैकड़ों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया। बाद में रियल एस्टेट कंपनियों, बिल्डरों और कॉलोनाइजरों को बेहद रियायती दरों पर जमीन के लाइसेंस जारी कर दिए गए।*

### ऐसे समझें पूरा मामला

- 27 अगस्त 2004 में मानेसर में 912 एकड़ जमीन का नोटिस जारी हुआ।
- बिल्डर्स ने किसानों से 400 एकड़ जमीन औने-पौने दामों में खरीदी।
- 25 अगस्त 2005 को हुड्डा ने आईएमटी रद्द कर सेक्शन-6 का नोटिस जारी किया।
- 2007 में बिल्डर्स की 400 एकड़ जमीन अधिग्रहण से मुक्त कर दी।
- मुआवजा 25 लाख रुपये प्रति एकड़ तय हुआ। अवॉर्ड के लिए सेक्शन-9 का नोटिस जारी हुआ।
- इससे किसानों को करीब 1500 करोड़ का नुकसान हुआ।

### हुड्डा ने कोर्ट में यह दी थी दलील

इस साल मई में हाईकोर्ट ने कई अधिकारियों की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। हालांकि, चार पूर्व आईएएस अधिकारियों राजीव अरोड़ा, सुदीप सिंह ढिल्लों, मुरारी लाल तायल और डी. आर. ढींगरा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। हुड्डा ने इसी रोक का हवाला देकर कहा था कि जब सुप्रीम कोर्ट ने सह-आरोपियों पर रोक लगाई है, तो मेरे खिलाफ भी कार्यवाही रोकी जानी चाहिए। उनका कहना था कि सभी आरोप आपस में जुड़े हैं और अलग-अलग नहीं चलाए जा सकते। लेकिन हाई कोर्ट ने यह तर्क खारिज करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की रोक केवल उन्हीं आरोपियों पर लागू होती है जिन्होंने वहां याचिका दायर की थी। अब हुड्डा को आरोप तय होने की प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

## रोहतक में सनसनीखेज वारदात...

# रंजिश में बाप-बेटे की गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बलियाणा गांव में शुक्रवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने एक ही परिवार के दो लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान 58 वर्षीय धर्मवीर और उसके 22 वर्षीय बेटे दीपक के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम और अपराध शाखा की यूनिट मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि धर्मवीर का बड़ा बेटा गांव के ही एक दुकानदार की हत्या के मामले में फिलहाल जेल में बंद है। इस घटना के चलते दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से तनातनी चल रही थी। पुलिस को संदेह है कि इसी रंजिश का बदला लेने के लिए दुकानदार के परिजनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। वहीं, देर शाम पुलिस ने खरखौदा के पास से मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को काबू कर लिया है।

**बलियाणा गांव में हुई घटना, दो आरोपी खरखौदा से पकड़े**



### बेटे को दो और पिता को 5 गोलियां मारीं

गांव वालों के मुताबिक, शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे दीपक पड़ोसियों के घर बैठा हुआ था। तभी दो बाइक और एक कार में सवार पांच युवक वहां पहुंचे। उन्होंने दीपक से उसके पिता धर्मवीर के बारे में पूछा और बिना कुछ कहे सीधे उस पर फायरिंग शुरू कर दी। दीपक को दो गोलियां लगीं, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसके बाद हमलावर सीधे धर्मवीर के घर पहुंचे, जहां उन्होंने उसे निशाना बनाते हुए करीब पांच गोलियां दागीं। गंभीर रूप से घायल धर्मवीर की मौके पर ही मौत हो गई।

## ठगों ने नकली दस्तावेज का किया उपयोग

### टीएमसी के सांसद बनर्जी के खाते से उड़ाए 56 लाख रुपये

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए हैं। उनको साइबर अपराधियों ने 56 लाख रुपये का चूना लगाया है। भारतीय स्टेट बैंक की कोलकाता हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में कोलकाता साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद मामला प्रकाश में आया। ठगों ने जाली दस्तावेजों से सांसद के खाते को हैक कर बड़ी रकम विभिन्न खातों में स्थानांतरित की है। अपराधियों ने सांसद बनर्जी के पैन और आधार कार्ड की नकली प्रतियां बनाईं थी, जिसमें मूल दस्तावेजों पर किसी अन्य व्यक्ति की तस्वीर थी।



## उड़ानों को नहीं मिल रहा शेड्यूल

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में खराबी, 800 फ्लाइट्स में देरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 800 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई, 20 को रद्द करना पड़ा। एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी की वजह से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स यानी एटीसी को फ्लाइट्स का शेड्यूल नहीं मिल पा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि एटीसी के ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में गड़बड़ी आई है। यह प्लेन के शेड्यूल यानी टेकऑफ और लैंडिंग की जानकारी देता है। एटीसी अधिकारी पहले से मौजूद डेटा के मुताबिक मैन्युअली फ्लाइट शेड्यूल तैयार कर रहे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेट होने का असर बाकी एयरपोर्ट्स पर भी दिखा।



## आवास पर अचेत अवस्था में मिले

### भजनलाल सरकार में मंत्री रहे केएल शर्मा का निधन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कांग्रेस नेता और भजनलाल सरकार में मंत्री केएल शर्मा का शुक्रवार को पंचकूला में निधन हो गया। उनके निधन के बाद परिजनों व जानकार लोगों में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर 12 बजे मनीमाजरा श्मशान घाट में किया जाएगा। केएल शर्मा सेक्टर-2 स्थित आवास पर थे और इस दौरान अचानक अचेत हो गए, जिस पर परिवार के लोगों ने तुरंत डॉक्टरों को बुलाया, लेकिन जांच में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। केएल शर्मा वर्ष 1991 से 1995 तक कांग्रेस विधायक रहे और भजनलाल सरकार में मंत्री रहे थे। इसके बाद वे 2005 से 2010 तक शाहबाद से कांग्रेस विधायक रहे।

**2005 से 2010 तक शाहबाद से कांग्रेस विधायक रहे**

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

### विमान दुर्घटना के लिए पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे के लिए किसी ने भी मुख्य पायलट को दोषी नहीं ठहराया है। इसके साथ ही न्यायालय ने मुख्य पायलट के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को इस दुर्घटना के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता और उन्हें इसका बोझ अपने ऊपर नहीं रखना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट में भी उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं है। पीठ ने ज़ोर दिया कि यदि आवश्यक हुआ, तो अदालत स्पष्ट करेगी कि इस दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे के लिए पायलट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

#### केंद्र और डीजीसीए को जारी किया नोटिस

पीठ ने पायलट के पिता पुष्कराज सभरवाल की याचिका पर केंद्र और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को नोटिस जारी किया। पुष्कराज सभरवाल और भारतीय पायलट संघ ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है और एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच अदालत की निगरानी में शीर्ष न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराने का अनुरोध किया है।

## जरीन कतरक खान का मुंबई में 81 साल की उम्र में निधन

### जायद खान के गले में जनेऊ, मां जरीन खान का हिंदू रीति-रिवाज से किया 'अंतिम संस्कार'

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता संजय खान की पत्नी, जायद खान और सुजैन खान की मां जरीन कतरक को उनके अपनों ने भरी आंखों से आखिरी विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में हिंदू रीति-रिवाज से किया गया, जहां इसे जायद खान करते दिखे। जायद खान के हाथ में मटका और गले में जनेऊ भी नजर आया। वहीं ऋतिक से लेकर काजोल, जया बच्चन जैसे तमाम सितारे इस अंतिम विदाई पर शामिल हुए। जरीन कतरक खान का निधन शुक्रवार को हुआ। वो 81 साल की थीं। बताया जा रहा है कि जरीन पिछले काफी समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से लड़ रही थीं। उन्होंने मुंबई स्थित अपने घर पर ही आखिरी सांस ली। अपनी पूर्व सास के अंतिम संस्कार पर ऋतिक रोशन भी पहुंचे। इसके अलावा उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए जया बच्चन, काजोल, बॉबी देओल, अली गोनी, रोनित रॉय, पूनम ढिल्लों और सोनल चौहान भी पहुंचीं।



जरीन खान



#### संजय के हाथ में थी टॉल्स्टॉय की किताब

संजय और जरीन की शादी साल 1966 में हुई थी। दोनों की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई और यहीं से उनकी दोस्ती हुई। तब संजय केवल 18 साल के थे। जरीन ने 18 साल के संजय के साथ अपनी पहली डेट को याद करते हुए बताया था कि कैसे संजय सफेद शर्ट, सफेद ट्राउजर, कोल्हापुरी चप्पल और हाथ में टॉल्स्टॉय की एक किताब लिए बीच पर खड़े थे। उन्होंने बताया था कि वह धूप की वजह से झुलसी हुई थीं। उस वक्त उन्होंने ऑफ-शोल्डर टॉप और थ्री-टियर स्कर्ट पहनी हुई थी। किनारे पर टहलते हुए संजय ने उन्हें अपनी जिंदगी की कहानी सुनाई, जिसे सुनकर वह मंत्रमुग्ध हो गईं थीं।

## राष्ट्रगीत के 150 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने डाक टिकट और सिक्का जारी किया

*वंदे मातरम् भारत की आजादी का उद्घोष*

# 1937 में वंदे मातरम् के टुकड़े हुए, इसी विभाजन ने बंटवारे का बीज बोया : मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र गीत के 150 साल पूरे होने पर कहा कि वंदे मातरम् के मूल रूप में लिखा है कि भारत माता सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा हैं। जब दुश्मन ने आतंक के लिए जरिए भारत की सुरक्षा और सम्मान पर हमला करने का दुस्साहस किया, तो पूरी दुनिया ने देखा, नया भारत आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- वंदे मातरम् भारत की आजादी का उद्घोष था। यह हर दौर में प्रासंगिक है। 1937 में वंदे मातरम् का एक हिस्सा हटा दिया गया था। उसके टुकड़े कर दिए थे। वंदे मातरम् के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज बोए थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र गीत के 150 साल पूरे होने के मौके पर एक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी इस मौके पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साल भर चलने वाले स्मरण समारोह का उद्घाटन किया और एक वेबसाइट भी लॉन्च की। पीएम ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन कार्यक्रम में भी भाग लिया।



### 'आनंदमठ' सिर्फ एक उपन्यास नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा- रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था कि बंकिमचंद्र का 'आनंदमठ' सिर्फ एक उपन्यास नहीं है। यह स्वतंत्र भारत का एक सपना है। बंकिम बाबू के लिखे हर शब्द का गहरा मतलब है। इस गीत की रचना गुलामी के दौर में हुई थी, लेकिन यह सिर्फ उसी समय तक सीमित नहीं है। वंदे मातरम् हर युग में प्रासंगिक है।

### लाखों की आवाज बना

मोदी ने कहा- जब 1875 में बंकिम चंद्र ने बंगदर्शन में वंदे मातरम् प्रकाशित किया, तो कुछ लोगों ने सोचा कि यह सिर्फ एक गीत है। हालांकि, धीरे-धीरे, वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लाखों लोगों की आवाज बना। एक ऐसी आवाज, जिसने हर भारतीय की भावनाओं की प्रतिध्वनि की। मोदी ने कहा- आज जब हम अपने राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह हमारे देश के महान नायकों के प्रति श्रद्धांजलि है। उन लाखों शहीदों को नमन है, जिन्होंने फांसी पर चढ़ते हुए वंदे मातरम् का नारा लगाया, जिन्होंने वंदे मातरम् जपते हुए कोड़ों की मार झेली। मोदी ने कहा- वंदे मातरम् एक शब्द, एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक संकल्प है। वंदे मातरम् हमें इतिहास में ले जाता है। ये हमारे भविष्य को नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जो हम भारतवासी पा न सकें।

## खबर संक्षेप

### पराली जलाने के मामलों में 77 प्रतिशत की कमी

**चंडीगढ़।** हरियाणा अगले दो साल में पराली जलाने की समस्या को जड़ से खत्म कर देगा। गत 6 नवम्बर तक राज्य में पराली जलाने की 206 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 888 थी। इस प्रकार राज्य में 77 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक के पश्चात दी। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की।

### 9 को कुरुक्षेत्र में महा पुकार रैली करेंगे कर्मचारी

**चंडीगढ़।** 9 नवंबर को देवी लाल पार्क पिपली कुरुक्षेत्र में होने वाली सफाई और सीवर कर्मचारियों की रैली सफाई कर्मचारियों के आंदोलन का रास्ता भी इजाद करेगी। ये दावा नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बसाऊ राम ने किया । उन्होंने कहा कि महापुकार रैली प्रदेश में सफाई कर्मचारियों के सामाजिक आर्थिक, शारीरिक शोषण एवं उनके संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति और भविष्य के आंदोलन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। रैली की तैयारी पूरी हो चुकी ह।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अंबाला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन

# वंदेमातरम राष्ट्र की आत्मा पहचान व गौरव का प्रतीक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के जरिए संबोधित किया





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, धड़कन और पहचान है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मां अम्बा की पावन धरती अम्बाला में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मुख्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वंदे मातरम् की अमर भावना को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया।

### राष्ट्रीय गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत के स्वराज्य आंदोलन की चेतना का उदगार है। इस गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई थी। उन्होंने कहा कि यह गीत वह दिव्य शक्ति है जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था और युवाओं के भीतर क्रांति की ज्योति प्रज्वलित की। अंग्रेज़ इस गीत से डरते थे क्योंकि इसमें हथियारों से करोड़ गुना अधिक शक्ति थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम गीत हमारी नदियों की कल-कल, खेतों की हरियाली और धरती के गौरव की गूंज है। यह शिवरात्रि की तपस्या में, वैसाखी के उल्लास में, होली के रंगों में और दीपावली के दीपों में रचा-बसा है। यह गीत हमारी एकता का अमृत मंत्र है।

### मुख्यमंत्री ने तरनतारन में गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब में माथा टेका



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चाबल कलां तरनतारन (पंजाब) स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने देश और प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### आप से ऊब चुकी जनता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंजाब के तरनतारन जिले के चाबल कलां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के कुशासन से अब ऊब चुकी है और जनता अब विकास व सुशासन चाहती है। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों पर तीखा हमला बोलते हुए उनपर कई आरोप जड़े।

## गुरुग्राम में 18वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन व प्रदर्शनी शुरू

■ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया शुभारंभ



**गुरुग्राम।** केंद्रीय आवासन, शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में इजी मोड ऑफ ट्रेवलिंग थीम के साथ सुगमता बनाए रखने के लिए बेहतर यातायात व्यवस्था व सेवाएं प्रदान करना है। इस सम्मेलन में नीतिगत आधार पर आए सुझावों के साथ शहरी क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए जन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में आयोजित तीन दिवसीय 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ करने उपरान्त सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने परिसर में लगी शहरी विकास और गतिशीलता को दर्शाती विकासात्मक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने उपरांत अवलोकन भी किया।

### बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा

मनोहर लाल ने अपने मंत्रालय के माध्यम से आमजन की सुविधा व बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के उद्देश्य पर केंद्रित तीन बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि इनके शुरू होने से विकास की नई शुरुआत देखने को मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड-डीएमआईएल की स्थापना की जाएगी जिसके तहत भारत के अलावा अन्य देशों के लिए यह एजेंसी मेट्रो के विस्तारीकरण की दिशा में काम करेंगी। वहीं मास रेपिड ट्रांसिट सिस्टम विकसित किया जाएगा जिसके लिए डीएमआरसी सहयोगी रहेंगी। इस सिस्टम से मेट्रो का बेहतर ढंग से एक दूसरे से जुड़ाव होगा।

## करोड़ों रुपये के स्वास्थ्य उपकरण खरीदने की मंजूरी

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य की जन स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार देर सांय उच्च अधिकारियों के साथ हुई एसएचपीपीएच बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण दर अनुबंधों को मंजूरी दी गई। बैठक में प्रदेश के सभी सिविल अस्पतालों के लिए 4.64 करोड़ रुपये की लागत से 87 डिफाइब्रिलेटर 1.01 करोड़ की लागत से 40 मोबाइल एक्स-रे मशीनें , 4 करोड़ की लागत से 11 वीडियो ब्रोंकोस्कोप तथा 7.19 करोड़ रुपये की लागत से जीआई वीडियो एंडोस्कोपी सिस्टम की खरीद को स्वीकृति दी गई।

### शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए मंजूरी

इसके अतिरिक्त, गुरुग्राम जिले में 26.20 करोड़ की लागत से 30 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन एवं प्रबंधन हेतु सेवा प्रदाता के चयन को भी मंजूरी प्रदान की गई।राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों की क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए समिति ने हिस्टोपैथोलॉजी विभागों हेतु 1.60 करोड़ रुपये में 9 स्वचालित स्लाइड स्टेनर, दंत विभागों हेतु 2.20 करोड़ में 4 मोबाइल डेंटल वैन, प्रयोगशाला विभागों के लिए 1.47 करोड़ में 70 एबीजी बेंचटॉप मशीनें, नेत्र विभागों के लिए 3.94 करोड़ में 15 हाई-एंड ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप (नेत्र) तथा टीबी रोगियों के परीक्षण हेतु 6 करोड़ की लागत से 40 ट्रूनेट मशीनें खरीदने को भी स्वीकृति दी।

## चुनाव आयोग ने नहीं निभाई जिम्मेदारी : हुड्डा

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि चुनाव आयोग ने अपनी जिम्मेदारी निष्पक्ष तरीके से नहीं निभाई और उसने वोट चोरी कर भाजपा की सरकार बनवाई है। हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा किए खुलासे से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा और आयोग ने मिलकर जनादेश का अपमान किया है। चंडीगढ़ में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए हुड्डा ने कहा कि वोटर लिस्ट में इस हद तक गड़बड़ियां थीं कि ब्राजील की मॉडल के अलावा भी एक बूथ पर एक ही महिला के 223 वोट बना रखे थे। 1,22,000 मतदाताओं की तो तस्वीरें फर्जी पाई गई हैं। खुद मीडिया ने राहुल गांधी के खुलासे के बाद जब पड़ताल की तो तमाम आरोप सच पाए गए। एक भाजपा नेता के 300 गज के मकान में 501 लोगों के वोट बना दिए गए, जबकि वहां सिर्फ सात लोग रहते हैं। बाकायदा तस्वीरें दिखाकर राहुल गांधी ने बताया है कि कुछ लोग तो ऐसे हैं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश में भी वोट बनवाई हुई है और हरियाणा में भी वोट बनवाई हुई है, और वे भाजपा के नजदीकी हैं।

### जनता का विश्वास भंग



वोटर लिस्ट में जिस तरह की गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं, उसके चलते जनता का चुनाव आयोग पर से विश्वास डगमगा गया है। इसी लिए कांग्रेस ने लोकतंत्र की रक्षा की ठान ली है। इसके लिए कांग्रेस हर संभव कदम उठाएगी। हुड्डा कहा कि 5 अक्टूबर 2024 को वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने बताया था कि हरियाणा में कुल 61.19 प्रतिशत मतदान हुआ है। 6 तारीख को इसे बढ़ाकर 65.65 प्रतिशत कर दिया गया।

## डीएपी के संकट से किसान बेहाल : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने राज्यभर में डीएपी खाद की भारी किल्लत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कागजी रिकॉर्ड में भले ही डीएपी का स्टॉक 'फुल' दिखाया है, लेकिन ज़मीन पर सच्चाई यह है कि किसान घंटों लाइन में लगकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। सैलजा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने तत्काल प्रभाव से डीएपी की कमी को दूर नहीं किया तो कांग्रेस सड़क से सदन तक किसानों की आवाज़ बुलंद करेगी।सैलजा ने कहा कि फतेहाबाद, सिरसा, जींद, अंबाला सहित हर जिले में किसान डीएपी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कई जगहों पर किसानों को निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। यह साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार के रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है। यह सरकार किसानों की नहीं, आंकड़ों की खेती कर रही है।



धोखाधड़ी केस में ईओडब्लू का दावा

# वेंडर्स को भुगतान नहीं, दिखाए फर्जी खर्च शिल्पा-राज के खिलाफ मिले नए सबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से जुड़े 60 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड केस में नए खुलासे हुए हैं। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) को जांच में



नए सबूत मिले हैं, जिनके मुताबिक शिल्पा और उनके पति की कंपनी ने वेंडर्स को भुगतान नहीं किया और फर्जी खर्च दिखाए। ईओडब्लू का दावा है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ फंड डायवर्जन के ठोस सबूत मिले हैं। ईओडब्ल्यू अब थर्ड पार्टी फोरेंसिक ऑडिट कराने की तैयारी में है, जिससे पैसे का इस्तेमाल कहां किया गया?

## यह है मामला

*शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ 2015 में एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के मुताबिक अब तक की जांच और दर्ज किए गए बयानों से फंड डायवर्जन के संकेत मिल रहे हैं। कारोबारी दीपक कोठारी की एनबीएफसी से लिए गए लोन की रकम बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए अन्य संबद्ध कंपनियों में ट्रांसफर की गई। इन फंड डायवर्जन को विदेश यात्राएं, प्रसारण शुल्क, वेयरहाउसिंग और ऑफिस खर्च के रूप में दिखाया गया।*

### कंपनी कर्मचारियों से होगी पूछताछ

ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का दावा है कि जांच में यह भी सामने आया है कि बेस्ट डील टीवी से जुड़े कई वेंडर्स को भुगतान नहीं किया गया, जिनमें एक कूरियर कंपनी के साथ ही मीडिया सॉल्यूशन फर्म भी शामिल है। वहीं, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की कंपनी ने दावा किया था कि सभी देनदारियां पूरी कर दी गई हैं।

# एसआईआर पर होगी 11 को सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पूरे देश में कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ याचिकाओं पर 11 नवंबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार की नई अर्जी पर 11 नवंबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल के जरिए दायर की गई है, जिसमें राज्य ने एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी है। इस मामले में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वकील प्रशांत भूषण और नेहा राठी ने कहा कि यह मुद्दा देश के लोकतंत्र की जड़ से जुड़ा है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग आधार कार्ड को मान्यता नहीं दे रहा।

# धोखाधड़ी वाले विज्ञापन से मेटा ने कमाए 1.41 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** मेटा एक बार फिर विवादों में फंस गई है और इस बार कंपनी धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दिखाकर मोटी कमाई करने को लेकर सुर्खियों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में मेटा प्लेटफॉर्म्स के रेवेन्यू का 10.1 प्रतिशत धोखाधड़ी और प्रतिबंधित वस्तुओं का विज्ञापन दिखाने से आया। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की कुछ गलत नीतियों और कमियों के कारण उसके फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप जैसे ऐप्स पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन चल रहे थे। बताया जा रहा है कि रेवेन्यू में गिरावट से बचने के लिए, कंपनी ने 'सबसे ज्यादा घोटालेबाज' माने जाने वाले अकाउंट्स को हटाने में भी हिचकिचाहट दिखाई, क्योंकि ऐसा करने से उसके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डेवलपमेंट के लिए फंडिंग की कमी हो सकती थी। मेटा से मिले इंटरनल डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए, रॉयटर्स ने बताया कि सोशल मीडिया दिग्गज फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर कम से कम तीन सालों तक धोखाधड़ी वाले ई-कॉमर्स प्रोडक्ट्स, इन्वेस्टमेंट स्कीम्स, अवैध ऑनलाइन कैसीनो और बैन मेडिकल प्रोडक्ट्स की बिक्री से संबंधित विज्ञापनों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने में विफल रहा।

■ मार्क जकरबर्ग की कंपनी फंसी फिर विवादों में

25 | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श, आपके शहर सिरसा में

ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. गौरव बंसल
सीनियर डायरेक्टर - न्यूरोसर्जरी

रविवार, 9 नवंबर 2025
सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रेलवे ब्रिज के नीचे, हिसार रोड, सिरसा, हरियाणा 125055

समस्याएँ: सिर दर्द, कमर दर्द, हाथ पैर का सुन्न होना, चक्कर आना, कमर साइटिका

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91 - 99589 66933

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012 (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

हरियाणा सरकार DHBVN UHBVN

हरियाणा सरकार की किसानों के लिए बड़ी राहत
बाढ़ एवं भारी वर्षा से प्रभावित किसानों के बिजली बिल 6 माह के लिए स्थगित

जुलाई से दिसम्बर, 2025 तक के बिजली बिल जनवरी से जून, 2026 में देय होंगे

राज्य के लगभग 7.10 लाख कृषि उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

हरियाणा ने वर्ष 2025 के मानसून ऋतु के दौरान राज्य में आई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने हेतु एक विशेष योजना की घोषणा की है।

राज्य के सभी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए जुलाई, 2025 से दिसम्बर, 2025 की अवधि के बिजली बिलों का भुगतान छह माह के लिए स्थगित कर दिए गये हैं।

इसके अनुसार जुलाई, 2025 में जारी बिजली बिल जनवरी, 2026 में देय होंगे। अगस्त, 2025 के बिजली बिल फरवरी, 2026 में और इसी प्रकार क्रमशः दिसम्बर, 2025 के बिल जून, 2026 में देय होंगे।



राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान यू.एच.बी.वी.एन. और डी.एच.बी.वी.एन. द्वारा किसी भी कृषि ट्यूबवेल उपभोक्ता से विलंब अधिभार (Late Payment Surcharge) नहीं वसूला जाएगा तथा बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी।

इस सन्दर्भ में बिजली विभागों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

यह निर्णय भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित किसानों को तात्कालिक आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है, ताकि वे अपनी कृषि गतिविधियों को पुनः आरम्भ कर सकें।

अधिक जानकारी हेतु 1912 अथवा निकटतम उपमंडल अधिकारी से संपर्क करें

UHBVN उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (हरियाणा सरकार का उपक्रम)
DHBVN दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (हरियाणा सरकार का उपक्रम)

धरम हेत साका जिनि कीआ ॥
सीसु दीआ परु सिररु न दीआ ॥

हरियाणा सरकार

बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक
श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित
अरदास एवं शहीदी यात्रा





मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

8 नवम्बर, 2025 | प्रातः 11 बजे | रोड़ी (सिरसा)

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

"मैं श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस और सिद्धांतों के साथ-साथ आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी शिक्षाएँ हमें आज भी प्रेरित करती हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## खबर संक्षेप

### महिला को जहरीला पदार्थ देने वाले को पांच साल कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने जहरीला पदार्थ देने के जुर्म में दोषी को पांच साल का कारावास तथा पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत मे चले अभियोग के अनुसार अलेवा थाना इलाके की एक महिला ने पांच जून 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पड़ोसी विकास उसे बहाने से बुला कर उसे अपने साथ घर ले गया। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अशील वीडियो बना कर उसके मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।

### हनीट्रैप में एसआई व ईएसआई पर केस

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने डीएसपी राजेश कुमार की शिकायत पर दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में आरोपी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र व ईएसआई विजय कुमार शामिल हैं। मामले की जांच डीएसपी सिरसा आदर्शदीप सिंह कर रहे हैं। पंजाब के कस्बा सरदूलगढ़ की एक महिला ने अनाज मंडी के एक कारोबारी को हनीट्रेप में फांसा और उससे पैसे की मांग की गई। कारोबारी ने इस मामले में करीब तीन लाख रुपये की अदायगी भी कर दी।



सिरसा। मेडिकल स्टोर को सील करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिबंधित दवा मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील

**कालांवाली।** पुलिस ने प्रतिबंधित गोलियां व कैप्सूल मिलने पर सिरसा जिले के कालांवाली शहर क्षेत्र में दो मेडिकल स्टोरों को सील किया है। इस दौरान पुलिस ने दोनों मेडिकल स्टोरों से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित गोलियां भी बरामद की है। कालांवाली थाना प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरार मेडीकल स्टोर मंडी कालांवाली पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस को मेडिकल से नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूल मिले। पुलिस ने ड्रग विभाग को सूचित किया जिस पर ड्रग इंस्पेक्टर केशव वशिष्ठ मौके पर पहुंचे और मेडिकल संचालक को नोटिस देते हुए मेडिकल को सील कर दिया है।

### सोने के नकली आभूषण असली बताकर ठगी, काबू

**फरीदाबाद।** सोने के नकली आभूषण असली बताकर सस्ते में देने के नाम पर धोखाधडी करने के मामले में एक आरोपी को क्राईम ब्रांच एवीटीएस भूपानी ने काबू किया है। भानुप्रताप निवासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 11 अक्टूबर को जब वह काम पर जा रहा था तो रास्ते में उसे दो लडके मिलें जिन्होंने उसे कहा की ये कान के कुण्डल हमें पडे मिले है। लालच में आकर वो कुण्डल 2500 रुपये में उनसे ले लिये और तभी दुसरे लडके ने उसे कुछ सुंघा दिया और लोकेट और फोन निकाल लिया।



### देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 9 युवतियां ग्राहकों सहित पकड़ीं

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला चौक के पास पुलिस ने एक होटल में चल रहे सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने होटल से 9 युवतियां व कई ग्राहकों को आपत्तिजन हालत में गिरफ्तार किया है। होटल मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मालिक की तलाश में पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई कर रही थी। नेशनल हाइवे पर हंस रिसोर्ट में देह व्यापार का धंधा होता है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए थे।

**मौसम ने ली करवट :** पहाड़ों पर बर्फबारी का राज्य में दिखाई दे रहा असर

# प्रदेश में 7 डिग्री तक गिरा तापमान, ठंड ने दी दस्तक

*पिछले 24 घंटे में तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। रात का तापमान 4 डिग्री कम हो गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री कम रहा।*

**राज्य में 9 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना**



***करनाल, कुरुक्षेत्र और पलवल का तापमान 29.2 तो हिसार, महेंद्रगढ़ और सोनीपत की रात सबसे ठंडी रही***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/ रेवाड़ी

हरियाणा के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तरी हवाओं से पहाड़ी इलाकों की बर्फबारी ने प्रदेश में सुबह शाम के तापमान में बड़ी गिरावट का काम किया है। वहीं, आने वाले दिनों में प्रदेश के अंदर ये ठंढ और अधिक देखने को मिलेगी मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार बता दे की बीते दिन सूबे के कई जिलों में तापमान में कमी आई है। पिछले 24 घंटे में यहां का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। रात का तापमान 4 डिग्री कम हो गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 5 डिग्री नीचे है।



**प्रदूषण स्तर भी बढ़ा, आंखों में हो रही जलन**

दिवाली के बाद से हरियाणा में हवा की गुणवत्ता खराब बनी हुई है. शुक्रवार यानी 7 नवंबर 2025 को अंबाला का एयर क्वालिटी इंडेक्स 214 दर्ज किया गया। इसके अलावा बल्लभगढ़ का 121, भिवानी का 230, चंडीगढ़ का 128, चरखी दादरी का 303, फरीदाबाद का 207, फतेहाबाद का 275, गुरुग्राम का 244, हिसार का 141, जींद का 286, कैथल का 177, करनाल का 251, कुरुक्षेत्र 207, मानेसर का 233, नारनौल का 218, पलवल का 157, पंचकूला का 291, पानीपत का 317, सिरसा का 218, सोनीपत का 251 और यमुनानगर का एक्यूआई 225 दर्ज किया गया।

**आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिलेगी**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान परिदृश्य में हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली पर उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर हो रही बर्फबारी का असर देखने को मिल रहा है। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है जैसे ही पश्चिमी मौसम प्रणाली सम्पूर्ण मैदानी राज्यों से आगे निकली वैसे ही हिमालय पर्वत के शिखर की तरफ से 5-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही उत्तरी सर्द और ठंडी हवाओं ने सम्पूर्ण हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली में दिन और रात के तापमान को लुढ़काना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में आमजन को शीत ऋतु और ठंड का अहसास होने लगा है।

**प्रदेश में सबसे कम रात्रि का तापमान हिसार में**

प्रदेश में सबसे कम रात्रि का तापमान हिसार में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद महेंद्रगढ़ और सोनीपत में दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में मौसम को प्रभावित करने वाली कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। आने वाले एक सप्ताह तक यहां मौसम शुष्क और साफ बना रहेगा। साथ ही सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में और अधिक गिरावट देखने को मिलेगी यानी ठंड अपने रंग दिखाएगी। ठंड बढने के साथ शहर में प्रदूषण स्तर भी चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। वीरवार रात को धुंए और स्मॉग के कारण आंखों में जलन हो रही थी वहीं सांस लेना भी मुश्किल हो गया था।



रेवाड़ी। हाईवे पर खड़ा ट्रक आग से जलता हुआ। फोटो : हरिभूमि

**दिल्ली-जयपुर एनएच-48 पर हादसा**

## आग से ट्रक जलकर खाक, ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर दिल्ली से जयपुर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना वीरवार देर रात गांव चांदूवास फ्लाईओवर के पास हुई। ट्रक में पशु चारा व मुर्गी के दाने भरे हुए थे। नेशनल हाईवे पर चलते ट्रक के केबिन से अचानक धुआं उठने लगा। चालक वाहन को सड़क किनारे रोक कर मौके से फरार हो गया। कुछ ही देर में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण ओवरलोडिंग व शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि अभी तक सही कारणों कापता नहीं चल पाया है। दमकल की दो गाड़ियां मौके परपहुंीं। लेकिन तब तक ट्रक खाक हो चुका था। यातायात को कुछ समय के लिए वैकल्पिक मार्ग से निकाला गया।

**सार्वजनिक सूचना**

जिला खेल परिषद अर्जुन स्टेडियम जीन्द के बैडमिन्टन हॉल को ठेके पर देना चाहते है। ठेके की निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.11.2025 से 13.11.2025 तक जिला खेल अधिकारी कार्यालय जीन्द के कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में सांय 4.00 बजे तक किसी भी कार्य-दिवस में दी जा सकती है। निविदाएं दिनांक 14.11.2025 को प्रातः 01.00 बजें जिला खेल अधिकारी कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में खोली जाऐंगी। निविदा के लिए प्रपत्र 1000/- तथा नियम व शर्तें जिला खेल कार्यालय में से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव, जिला खेल परिषद एवं जिला खेल अधिकारी, जीन्द।**

**सार्वजनिक सूचना**

जिला खेल परिषद अर्जुन स्टेडियम जीन्द के **सात-सीढ़ियों** को ठेके पर देना चाहते है। ठेके की निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08.11.2025 से 17.11.2025 तक जिला खेल अधिकारी कार्यालय जीन्द के कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में सांय 4.00 बजे तक किसी भी कार्य-दिवस में दी जा सकती है। निविदाएं दिनांक 18.11.2025 को प्रातः 11.30 बजें जिला खेल अधिकारी कार्यालय अर्जुन स्टेडियम जीन्द में खोली जाऐंगी। निविदा के लिए प्रपत्र शुल्क 1000/- तथा नियम व शर्तें जिला खेल कार्यालय में से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव, जिला खेल परिषद एवं जिला खेल अधिकारी, जीन्द।**

## दो नशा तस्करों से एक करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

*आरोपियों ने रिमांड के दौरान कई महत्वपूर्ण दी है जानकारियां*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की स्पेशल बर्गलरी स्टाफ की टीम ने एक करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ दो नशातस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 1.103 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है। एडिशनल एसपी अमरिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा निर्देश पर जिलेभर में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी बर्गलरी स्टाफ प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मक्खन सिंह, एएसआई सुरेंद्र सिंह, राजिंदर सिंह, पंकज और सिपाही लोकेश की टीम पश्चिमी यमुना नहर पुल के पास गश्त कर रही थी। इस गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में कोई नशीला पदार्थ लेकर उसे बेचने के लिए यमुनानगर के सहारनपुर मार्ग पर घूम रहे हैं। कवलजीत सिंह की निगरानी में रेड की योजना बनाई गई।



## फर्जी सीआईए स्टाफ बनकर ठगी करने वाला धरा दबोचा

**फतेहाबाद।** फर्जी सीआईए स्टाफ के नाम पर ठगी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए फतेहाबाद टीम ने एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान बलविंदर उर्फ कालू पुत्र सुमेर निवासी जगदीश कॉलोनी, हांसी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 3 हजार रुपये की नगदी बरामद की गई है। इससे पहले इस मामले में 5 अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि यह कार्रवाई एक धोखाधड़ी प्रकरण से संबंधित है, जिसमें वर्ष 2022 में पीड़ित प्रदीप कुमार पुत्र बलवंत सिंह राठौड़ निवासी अग्रोहा ने शिकायत दी थी कि कुछ युवक फर्जी सीआईए स्टाफ बनकर उसकी फैक्ट्री में पहुंचे और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे 2 लाख 40 हजार रुपये ठग लिए थे। शेष 60 हजार रुपये लेने के लिए पुनः फैक्ट्री में पहुंचे तो जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी सहित कुल 6 आरोपियों की पहचान कर एक-एक कर गिरफ्तार किया।

**बावल के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-9 में घटना**

## कंपनी में शार्ट सर्किट से आग चार फायर ब्रिगेड ने काबू पाया



रेवाड़ी। आग लगने पर कंपनी में मौजूद अधिकारी व पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

**दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया**

बावल कस्बे के सेक्टर-9 स्थित कंपनी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां पहुंची और दमकल कर्मियों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना के बाद कंपनी में पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों को बाहर निकाला। आग से कंपनी में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

बावल के औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-9 स्थित तिरुपति ट्रेडिंग कंपनी के स्क्रेप में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कंपनी के अधिकारियों ने घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग और कसोला पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कंपनी में अफरा-तफरी मच गई तथा आसपास के काफी लोग एकत्रित हो गए।

जैवप्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY
बाइरैक birac

जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बाइरैक)
(भारत सरकार का उपक्रम)

BIOTECHNOLOGY INDUSTRY RESEARCH ASSISTANCE COUNCIL (BIRAC)
*(A Government of India Enterprise)*

**सूचना**

27 सितंबर - 3 अक्टूबर, 2025 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 26/101 का संदर्भ लें।

उपरोक्त विज्ञापन के प्रत्युत्तर में, बहुत कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसलिए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने और निदेशक (संचालन) के पद पर सर्वाधिक योग्य व्यक्ति का चयन करने के लिए, इस विज्ञापन को समान नियमों और शर्तों के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अतिरिक्त अवधि के लिए पुनः खोला जा रहा है। जिन उम्मीदवारों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन पत्र और अन्य विवरण वेबसाइट www.dbtindia.gov.in, www.birac.nic.in पर उपलब्ध हैं। CBC 36302/12/0003/2526

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 324 दिनांक 05.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे.जे. एक्ट थाना शहर सोनपत जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम - कमलेश।
पिता का नाम काली चरण।
पता वेस्ट राम नगर जिला सोनीपत।
उम्र-15 वर्ष
कद-5"3' फुट।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, सामान्य शरीर ।
पहनावा - सफेद रंग का सुट व क्रीम रंग की सलवार व पैरो में चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 04.11.2025 को कमलेश पुत्री काली चरण वासी वेस्ट राम नगर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को बताए अपने घर से कही चली गयी हैं। अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत 7419410532
अनुसंधान कर्ता विजय मो० न०. 9467599855
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/- अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।**

**पीआरडीएच : 1084/11/4104/2026/40131/88/6 दि. 07-11-25**

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता / क.वि./ उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग केमाध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-08-2025-26 | अंबाला डिवीजन में RDSO निर्देश संख्या TI/IN/0048 या लेटेस्ट के अनुसार मौजूदा SCADA सिस्टम में साइबर सुरक्षा लागू करने हेतु कार्य। | 28.11.2025 | ₹ 7,56,16,192/- | ₹ 5,28,100/- | 09 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, ₹10,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

संख्या:. ETrU-T-08-2025-26 दिनांक: 06.11.2025 3456/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में फेज-1 में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का वार्षिक रखरखाव + 1 कार्य। | 06.11.2025 13.11.2025 | रु. 80.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40094/I/88/6 दि. 07.11.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीएसएसएस खाई शेरगढ़ में एचएमआर, साईस लैब, कार्यालय और रैम्प जीएसएसएस पंजुआना में कार्यालय, साइंस, कम्प्यूटर, गतिविधि कक्ष, टूटी हुई/आंशिक चारदिवारी तथा जीएसएसएस नागोकी, ब्लॉक बरागुढा, जिला सिरसा में चारदिवारी का निर्माण (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा : 9 माह + 1 कार्य। | 04.11.2025 12.11.2025 | रु. 210.27 लाख | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40114/I/88/6 दि. 07.11.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में बंदरों को पकड़ना। | 07.11.2025 15.11.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 8930110195 secy-gannaur@ulbharyana.nic.in |
| 2 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम को मॉनिटर करने के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु कमांड और कंट्रोल के स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम स्थापना हेतु सीसीएमएस पैनल्स की स्थापना के लिए सर्वे कार्य, डीपीआर की तैयारी हेतु (ईओआई)। | 07.11.2025 14.11.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 8930110195 secy-gannaur@ulbharyana.nic.in |
| 3 | नगर पालिका गन्नौर | पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम के तहत नगर पालिका गन्नौर में आवारा कुत्तों का प्रतिरक्षीकरण, टीकाकरण और नसबंदी करना। | 03.11.2025 11.11.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 8930110195 secy-gannaur@ulbharyana.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/40119/I/88/6 दि. 07.11.25

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 24/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन घरौंडा (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के तहत पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान, बंद होने की तिथि 12.11.2025 खुलने की तिथि 13.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenoxilutbvnpanchkula@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12, करनाल में क्रेचे का प्रावधान। बंद होने की तिथि 20.11.2025 खुलने की तिथि 21.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenoxilutbvnpanchkula@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | 50/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन, 132 केवी सब स्टेशन अमिन, किरमच (कुरुक्षेत्र), भादसों (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के नीचे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान। बंद होने की तिथि 12.11.2025 खुलने की तिथि 13.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenoxilutbvnpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/40115/I/88/6 दि. 07.11.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 944 - सेक्टर-12 बूस्टर वार्ड नं. 13 एम.सी. सोनीपत में चारदिवारी के निर्माण मिट्टी भराई और आईपीबी टाइल्स बिछाने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 14.11.2025 | रु. 62.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | 1087 - एम.सी. सोनीपत के अधिकार-क्षेत्र के तहत वार्ड नं. 10 में सिक्का कॉलोनी और अन्य स्थानों में विभिन्न गलियों के पुनर्निर्माण हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 12.11.2025 | रु. 58.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 3 | नगर निगम सोनीपत | 978 - एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 4 में विभिन्न सीवर लाइनों की गाद निकालने के लिए आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.11.2025 | रु. 135.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 4 | नगर निगम सोनीपत | 947 - एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 8 में गांव राई की फिरनी के साथ-साथ साइड ड्रेन के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.11.2025 | रु. 54.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/40087/I/88/6 दि. 07.11.25

# प्रगति के पथ पर
# वंदे भारत की रफ्तार!



## 4 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

फिरोजपुर – दिल्ली

बनारस – खजुराहो

लखनऊ – सहारनपुर

एरणाकुलम – बेंगलुरु

का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री
द्वारा




### मुख्य विशेषताएं

- 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचने में 140 सेकंड का समय
- बेहतर हीट वेंटिलेशन और समान वितरण के लिए एयर कंडीशनिंग डक्ट
- कवच (ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) से लैस
- आनंदपूर्ण, आरामदायक, शांत और सुरक्षित सफ़र
- टच–फ्री सुविधाओं वाले बायो वैक्यूम शौचालय
- दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालयों की व्यवस्था एवं ब्रेल लिपि में सूचनाएं
- प्रत्येक कोच में इंफोटेनमेंट सिस्टम
- सभी कोचों में अग्निशमन सुरक्षा के बेहतर उपाय
- सभी कोचों में आपातकालीन लाइटिंग, इमरजेंसी विंडो और टॉक बैक यूनिट

### लाभ

क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा | यात्रा समय में कमी | यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और कुशल यात्रा विकल्प | क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा

### गरिमामयी उपस्थिति

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रवनीत सिंह बिट्टू**
रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

शनिवार, 08 नवम्बर, 2025 | प्रातः 08:00 बजे | बनारस, उत्तर प्रदेश

## भारतीय रेल

DD NEWS

हमें फॉलो करें

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, सेबी शार्ट सेलिंग व एसएलबी ढांचे की करेगा समीक्षा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को घोषणा की कि बाजार नियामक जल्द ही 'शॉर्ट सेलिंग' और प्रतिभूति उधारी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का गठन करेगा।

■ 'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है

'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है, जिसमें निवेशक किसी शेयर के दाम गिरने की संभावना पर मुनाफा कमाने की कोशिश करता है। यानि अगर किसी को लगता है कि किसी कंपनी का शेयर नीचे जाएगा, तो वह शेयर उधार लेकर बेच देता है और बाद में कम दाम पर खरीदकर वापस करता है। नसेबी ने 2007 में 'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क शुरू किया था, जो आज तक लगभग अपरिवर्तित बना हुआ है।

**सेबी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का करेगा गठन**

### बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस

तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि 'स्टॉकब्रोकर' और म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा पहले से जारी है। सेबी निवेशकों के हितों की सुरक्षा और बाजार पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बहिर्वाह को लेकर पूछे गए सवाल पर सेबी चेयरमैन ने कहा- एफपीआई को भारत की विकास गाथा में बहुत मजबूत विश्वास है। वैश्विक निवेशकों का भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था और उसके दीर्घकालिक विकास में कायम है।



### अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर

उधार लिए गए शेयरों का इस्तेमाल प्रायः शॉर्ट सेलिंग या सेटलमेंट विफलताओं से बचाव के लिए होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एसएलबी से निवेशकों को अपने निष्क्रिय शेयरों से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, साथ ही यह बाजार की लिक्विडिटी और दक्षता बढ़ाने में भी मदद करता है।

### क्या है एसएलबी सिस्टम?

एसएलबी प्रणाली के तहत निवेशक या संस्थान अपने डीमैट खातों में रखे शेयरों को शुल्क लेकर दूसरे निवेशकों को उधार दे सकते हैं। यह लेनदेन स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिए किया जाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन इस प्रक्रिया में सेटलमेंट की सुरक्षा और गारंटी प्रदान करता है।

### क्यों जरूरी है समीक्षा?

'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क 2007 से अपडेट नहीं हुआ है। एसएलबी प्रणाली, जो 2008 में शुरू हुई थी, कई बार संशोधित होने के बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं मानी जाती। इसलिए सेबी अब इन दोनों प्रणालियों का गहन पुनर्मूल्यांकन करना चाहती है।

**ई-नीलामी सूचना**

**फ्लैट निटिंग मशीन्स, लेजर कटिंग मशीन्स और हीटिंग मशीन का अग्नि प्रभावित लगभग 13,900 कि.ग्रा.**

इच्छुक खरीददारों को "प्रति कि.ग्रा." आधार पर "फ्लैट निटिंग मशीन्स, लेजर कटिंग मशीन्स और हीटिंग मशीन का अग्नि प्रभावित लगभग 13,900 कि.ग्रा." के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. परथम इंडस्ट्रीज से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण गांव व डा.-जलालपुर, सनोली रोड, पानीपत, हरियाणा-132103 में 08.11.25 से 17.11.25 के बीच पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री विजय जैन से 9896277436 श्री विवेक जैन से 9041246535 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 18.11.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अनूप कुमार से 8928293156 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय 5वां तल, ऑफिस नं. 2, किंग्स मॉल, प्लॉट नं. 1बी1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, रोहिणी सेक्टर-10 दिल्ली-110085 में है।

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 17.11.2025 है।**

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने जारी की रिपोर्ट

# देश में त्योहारों की 42 दिन की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, "2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।"

**सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई** | **यात्री व दोपहिया वाहनों का रिकॉड पंजीयन किया गया** | **त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई**

*घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही।*

### खपत बढ़ाने में जीएसटी 2.0 का असर रहा

इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा, "किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही।"



*तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों में नौ व पंद्रह फीसदी की वृद्धि रही : इसी प्रकार 42 दिन की अवधि के दौरान तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण में क्रमशः नौ प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोटर वाहन की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 40,23,923 इकाई हो गई। यात्री वाहनों का पंजीकरण पिछले महीने बढ़कर 5,57,373 इकाई हो गया जो अक्टूबर 2024 में बेची गई 5,00,578 इकाइयों की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।*

### दोपहिया की खुदरा बिक्री 22 फीसदी बढ़ी

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी। विग्नेश्वर ने कहा कि इस क्षेत्र को बेहतर ग्रामीण माहौल, बेहतर नगदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण के कारण सामर्थ्य में सुधार का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इस दौरान कम्यूटर बाइक व स्कूटर की अच्छी मांग के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में भी रुचि बढ़ी।

**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल** परिशिष्ट B- संख्यांक 13

**पच्चीसवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

आर. सी. एस. ए./432/2025

रूखसाना हसन बनाम किसान गंगा गृह निर्माण समिति व अन्य

प्रेषिती

NEXT DATE : 27-11-2025

1. किसान गंगा गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा अध्यक्ष दिनेश आ. डा. आर. राजोरिया पता – 1250 अस्पताल के पास,सेकेण्ड बस स्टॉप, भोपाल
2. सीताराम आ. स्व. श्री बद्री प्रसाद निवासी – ग्राम बैरागढ़ चिचली तहसील कोलार जिला भोपाल
3. नारायण सिंह आ. स्व. श्री बद्री प्रसाद निवासी ग्राम बैरागढ़ चिचली तहसील कोलार जिला भोपाल
4. नर्मदा प्रसाद आ. स्व. श्री बद्री प्रसाद निवासी ग्राम बैरागढ़ चिचली तहसील कोलार जिला भोपाल
5. राजबाई बेबा स्व. श्री बद्री प्रसाद निवासी ग्राम बैरागढ़ चिचली तहसील कोलार जिला भोपाल
6. श्रीमती कमला पत्नी श्री दयाराम यादव निवासी – 396/12, आदर्श नगर,जिला झांझर, हरियाणा
7. श्रीमती सुमित्रा शुक्ला पत्नी श्री आर. बी. शुक्ला निवासी – 16, अजन्ता महिन्द्रा सिटी ई–8, एक्सटेंशन बावडिया कलां भोपाल
8. श्रीमती सविता शर्मा पत्नी श्री रमेश शर्मा निवासी – 942, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर

वादीगण ने कृषि भूमि खसरा नं. 31 रकबा 7.31 एकड़ खसरा नं. 32 रकबा 5.73 एकड़ तथा खसरा नं. 241/33 रकबा 5.52 एकड़, जिनका नया खसरा नं. 221, 222, 228, 230 231, 232, 234, 235, 236, 237, 238 239, तथा 240 है, जो ग्राम – बैरगढ़ चिचली, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, के संबंध में एक व्यवहार वाद कं. आर. सी. एस. – ए/432 /2025 (श्रीमती रुकसाना हसन व अन्य विरूद्ध किसान गंगा गृह निर्माण सहकारी समिति व अन्य) वास्ते घोषणा भौतिक आधिपत्य एवं स्थायी निषेधाज्ञा इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। अतइव आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधियक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदाया आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 31/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है

न्यायालय की मुद्रा

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

अधिक जानकारी बेबसाईट ecourts.gov.in अथवा मोबाइल एप eCourts Services(Android or iOS) से प्राप्त की जा सकती है

न्यायाधीश
प्रहलाद सिंह कमोथिया
पच्चीसवें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division),
**M/s Friends Medi Healthcare, through its prop, Mandeep Kumar**
**Vs.**
**M/s Ortis Pharma Pvt. Ltd. through its Proprietor**
CNR No. HRRH02-000517-2025
Next Date : 03.12.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**M/s Ortis Pharma Pvt. Ltd., through its Proprietor R/o Kh. No. 360/2 Loni, Laxmi Garden Ghaziabad (UP)**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **03.12.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Civil Judge (Junior Division),Rohtak
Dated, this day of 30.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Karandeep**
Civil Judge (Junior Division), Rohtak
**State Bank of india through its Duly Constituted Attorney Sh. Lalit Kumar Garg**
**Vs.**
**M/s Auto Motive Care through Props. Shadab Ali S/o Sh. Abad Ali**
CNR No. HRRH02-001508-2024
Next Date : 15.12.2025
Pass such further order as this Honble court may deems fit and proper in the facts and circumstance of the present case.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. M/s Auto Motive Care throgh Props. Shadab Ali S/o Sh. Abad Ali O/o Opposite Jat Bhawan, Middle of Sahista Dental Clinic & Nursery, Delhi Road Rohtak, HR 2. Shadab Ali S/o Sh. Abad Ali R/o AB Extn./H.No. 55, Sultan Puri, Delhi-110086**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.12.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Civil Judge (Junior Division),Rohtak
Dated, this day of 30.10.2025

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे।

# सोना 100 रुपये टूटकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,24,100 रुपये से 100 रुपये गिरकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 19.84 डॉलर यानी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 3,996.93 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 48.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre.
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdesundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीम मशरूम उत्पादन, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 आवेदक प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्री ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची पुनर्निर्धारित निम्न प्रकार से है:-

| कमांक | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08.12.2025 12.12.2025 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 02 | 15.12.2025 19.12.2025 | 05 | बागवानी फसलों की जैविक खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 03 | 29.12.2025 02.01.2026 | 05 | मधुमक्खि पालन एवं परागन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 04 | 05.01.2026 09.01.2026 | 05 | फूल उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 05 | 12.01.2026 16.01.2026 | 05 | नए बाग का पौधरोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 06 | 02.02.2026 06.02.2026 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए ट्रेनिंग ईचांर्ज, डा० मुकेश शिवरान, विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- उप-निदेशक उद्यान, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (महेन्द्रगढ़)

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**
**Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)**
भारत सरकार/Government of India
तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003
फोन: 011-24695044

**सार्वजनिक सूचना**

**स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, रायपुर के लिए द्वितीय नियंत्रण अवधि (01.04.2025 - 31.03.2030) हेतु वैमानिकी सेवाओं हेतु टैरिफ निर्धारण पर हितधारकों की परामर्श बैठक**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) ने द्वितीय नियंत्रण अवधि (01.04.2025-31.03.2030) के लिए स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, रायपुर के लिए वैमानिकी सेवाओं हेतु टैरिफ निर्धारण के संबंध में 30.10.2025 को परामर्श पत्र संख्या 04/2025-26 जारी किया (जो एईआरए वेबसाइट पर यूआरएल www.aera.gov.in पर उपलब्ध है)।

एईआरए अधिनियम, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार, परामर्श पत्र में निहित टैरिफ निर्धारण के संबंध में एईआरए के विभिन्न प्रस्ताव हितधारकों के परामर्श के लिए प्रस्तुत किए गये हैं। इस संबंध में हाइब्रिड मोड (भौतिक/ऑनलाइन) में हितधारकों की एक परामर्श बैठक 14 नवंबर, 2025 (शुक्रवार) को अप. 2:30 बजे निम्नलिखित स्थान पर निर्धारित है :

**हितधारक कक्ष, तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली** - 110003

यात्री/यात्री संघ, आम जनता, हवाई अड्डा संचालक, एयरलाइंस, उद्योग संघ/निकाय, कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग, फ्यूल फार्म इत्यादि के लिए स्वतंत्र सेवा प्रदाताओं जैसे सभी हितधारकों से आग्रह किया जाता है कि उक्त बैठक में शामिल हों और स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, रायपुर के टैरिफ प्रस्ताव पर उपरोक्त परामर्श पत्र पर अपने बहुमूल्य सुझाव/टिप्पणियाँ/विचार प्रदान करें।

व्यक्तिगत रूप से शामिल होने वाले प्रतिभागी 12 नवंबर, 2025 तक अपना नाम, ईमेल पता, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर के साथ एईआरए को ईमेल द्वारा (director-ps@aera.gov.in और satish.kr@aera.gov.in को) भेज सकते हैं। हितधारकों की बैठक से पहले, भागीदारी के लिए ऑनलाइन लिंक एईआरए वेबसाइट (https://aera.gov.in) पर "समाचार और घोषणाएँ" टैब के अंतर्गत साझा किया जाएगा।

हस्ता/-
सचिव, एईआरए

CBC 03112/12/0011/2526

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6041



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 6040 का हल**





## ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल बोले

# तस्करी और धोखाधड़ी से भरा है पाक का इतिहास, यही उसकी पहचान भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान और उसके गुप्त परमाणु कार्यक्रम को खूब लताड़ा। ट्रंप के पाकिस्तान के गुप्त परमाणु परीक्षणों वाले बयान पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान की गुप्त और गैरकानूनी परमाणु गतिविधियां उसके लंबे इतिहास का हिस्सा हैं, जो तस्करी, निर्यात नियंत्रण उल्लंघन, गुप्त साझेदारियों और एक्यू खान नेटवर्क पर टिका है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की इन खतरनाक गतिविधियों के प्रति आगाह किया है। जायसवाल ने डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश अब भी गुप्त परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इस बयान को गंभीरता से लिया है और यह पाकिस्तान के संदिग्ध परमाणु रिकॉर्ड के अनुरूप है। सूडान में भारतीय नागरिक की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने कहा कि भारत सरकार सूडानी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि जल्द रिहाई सुनिश्चित की जा सके।

अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया

गाजा शांति योजना का स्वागत इससे स्थाई शांति आएगी

### रूस की सेना में भर्ती होने से बचें


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

जायसवाल ने कहा कि रूस में इस समय लगभग 44 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जो किसी न किसी रूप में रूसी सेना से जुड़े हैं। भारत सरकार उनके सुरक्षित वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने यह मामला रूस सरकार के साथ नई दिल्ली और मॉस्को, दोनों स्तरों पर उठाया है। हमारी मांग है कि सभी भारतीयों को जल्द से जल्द रिहा किया जाए और इस तरह की भर्ती प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीयों को ऐसे किसी भी ऑफर के झांसे में नहीं आना चाहिए, क्योंकि रूस में चल रहे युद्ध के हालात बेहद खतरनाक हैं और इसमें शामिल होना जानलेवा साबित हो सकता है। जहां तक ट्रंप की भारत यात्रा की बात है, प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल मेरे पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### अफगानिस्तान में स्टाफ बढ़ाएंगे

*प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री हाल ही में भारत आए थे और दोनों देशों के बीच संपर्क लगातार बना हुआ है। भारत ने अफगानिस्तान में अपने मिशन को अब दूतावास का दर्जा दे दिया है और वहां स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त मेजर विक्रांत जेटली के यूएई में हिरासत मामले पर कहा कि भारत सरकार वहां की सरकार से लगातार संपर्क में है और चार बार काउंसुलर एक्सेस मांगी गई है और लगातार सहायता प्रदान की जा रही है।*

### क्वाड में साझेदारी निरंतर आगे बढ़ रही

जायसवाल ने कहा कि क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच है जहां इंडो-पैसिफिक से जुड़े सामरिक, आर्थिक और सुरक्षा मसलों पर साझेदारी होती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाईम वीक में क्वाड देशों सहित 24 देशों ने हिस्सा लिया, जो इस सहयोग की मजबूती का संकेत है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मंत्रालय के बयान सही

जायसवाल ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी मंत्रालय पहले ही साझा कर चुका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में आई टिप्पणियों पर ध्यान देने के बजाय मंत्रालय के आधिकारिक बयानों को ही आधार माना जाए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री की आगामी यात्राओं और द्विपक्षीय वार्ताओं की जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ADVT-UMB-SIR-OH-331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 2. | ADVT-UMB-UMB-OH-328-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 20 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 3. | ADVT-UMB-DUI-OH-327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 27 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 4. | ADVT-UMB-NLDM-OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 5. | ADVT-UMB-AADR-OH-335-25-1 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 6. | ADVT-UMB-SAG-OH-326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 7. | ADVT-UMB-RPJ-OH-330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 09 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 8. | ADVT-UMB-UBC-OH-329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 9. | ADVT-UMB-ANSB-OH-334-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5' x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 10. | ADVT-UMB-PTA-OSD-336-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन के पुराने प्रतीक्षालय की सामने की दीवार पर 112 वर्ग फुट के 02 वीडियो वॉल (प्रत्येक 14' x8') और स्टेशन भवन के बाहर 112 वर्ग फुट का एक वीडियो वॉल (14' x8') के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्षों की अवधि के लिए। (विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 336 वर्ग फुट है।) (साइट योजना के अनुसार) | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जायें। 3458/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दावा

# अगले साल से भारत में ही बनने लगेंगे स्वदेशी फाइटर जेट इंजन


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि मिग-21 की विदाई के बाद हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए इंजनों की आपूर्ति की दिशा में केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में अंतिम फैसला सिर्फ सीसीएस (रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति) ही लेगी। कॉन्सेप्ट और डारेक्शन को लेकर हमारी स्पष्टता है।

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि एक साल के भीतर भारत में फाइटर जेट इंजनों का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत वह 'मेड इन इंडिया बाय इंडियंस' होंगे।

### टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने पर जोर

फ्रांस की सफ्रान कंपनी के साथ पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए पहले इंजन की बातचीत को लेकर रक्षा मंत्री ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि जितनी जल्दी हो सके भारत में उत्पादन शुरू हो सके। इसपर सीसीएस जल्द ही फैसला लेगी। उन्होंने साफ किया कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। हम समझौते के तहत ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## भारत-फिनलैंड के बीच परामर्श बैठक

# व्यापार, डिजिटल और एआई सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड के बीच 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक हेलसिंकी में हुई। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग की पूरी समीक्षा की और व्यापार व निवेश, डिजिटलाइजेशन, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी/6जी, एआई, सतत विकास, स्वच्छ तकनीक, परिपत्र अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान और विकास, तथा लोगों के बीच संबंध और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-फिनलैंड की बैठक हेलसिंकी में हुई। भारत की ओर से सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और फिनलैंड की ओर से स्थाई राज्य


हेलसिंकी में विदेश कार्यालय परामर्श बैठक

सचिवजुक्का सालोवारा ने बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की पूरी समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में इसे और आगे बढ़ाने पर सहमति दी। फिनलैंड ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के जल्द निष्कर्ष के लिए अपना समर्थन दोहराया। बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## यूएस के मंत्री ने टैरिफ का किया बचाव

# भारत को रूसी तेल आयात करने से रोकना हमारा एक कूटनीतिक कदम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ट्रंप की टैरिफ नीतियों का बचाव करते हुए करते हुए भारत का हवाला दिया है। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ का एक कूटनीति हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत से रूसी तेल आयात रोकने का आग्रह किया ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके। लुटनिक ने कहा कि ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल न्याय खरीदने और वैश्विक स्थिरता बहाल करने के लिए किया। यह


यूएस वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक

बयान उस समय आया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट यह तय करने पर विचार कर रहा है कि क्या ट्रंप द्वारा 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाई गई व्यापक टैरिफ नीतियां वैध थीं या नहीं।




## चिंतन

# देश की रक्षा में तैनात होंगे फाइटर जेट

पूरी दुनिया ने देखा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पाकिस्तान पर कई गुणा भारी पड़ा। पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया। लाहौर और रावलपिंडी तक भारतीय हमलों की गूंज सुनाई दे रही थी। हमारी ड्रोन तकनीक पाकिस्तान की चीन से ली गई वायु प्रतिरक्षा प्रणाली पर कहीं ज्यादा भारी पड़ी। हमारे ड्रोन मौत बनकर सीधे दुश्मन की फौजी छावनियों के ऊपर मंडरा रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को तुर्किये और चीनी ड्रोन बेड़े के जरिये निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। उसने सैकड़ों ड्रोन एक साथ भेजे, परंतु स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली आकाशतीर ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली का कमाल ही कहा जाएगा कि कोई पाकिस्तानी ड्रोन चंडीगढ़ अथवा दिल्ली तक नहीं पहुंच सका और उन्हें सीमा के निकट ही ध्वस्त कर दिए गए। जब 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़े हमले की मंशा से ड्रोन के साथ उन्नत फतह श्रेणी की मिसाइलें दागी गईं तो हमने उन्हें भी नाकाम कर दिया और इसके कुछ ही मिनट में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन सभी वायु सैनिक अड्डों को निशाना बनाया, जहां पर उन्नत श्रेणी के अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेफ-17 विमान थे। भारत ने उस एयरबेस को भी तबाह कर दिया, जहां तुर्किये के ड्रोन का बड़ा बेड़ा था और जिसके जरिये पाकिस्तान बड़े ड्रोन हमले कर रहा था। यदि पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से मिले अति उन्नत लड़ाकू विमानों, चीनी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली और तुर्किये से मिले ड्रोन के बावजूद मुंह की खानी पड़ी तो यह हमारी अद्भुत सैन्य सामर्थ्य ही था और इसमें सबसे बड़ा योगदान था हमारी स्वदेशी तकनीक का। भारत की विजय मात्र पाकिस्तान पर ही नहीं, अपितु अमेरिकी, चीनी और तुर्किये की हथियार तकनीक पर भी है। इस युद्ध के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने शानदार काम किया। पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने होने दिया। इसी कामयाबी से आगे बढ़ते हुए अब भारत स्वदेशी जेट के निर्माण की ओर कदम बढ़ा रहा है। अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। कि जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। इसके बाद तेजी से इस पर काम शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण में सबसे खास बात यह है कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। भले ही हाल-फिलहाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भले ही रूस से एस-400 खरीदा जाए या किसी अन्य देश से कुछ और, लेकिन इरादा साफ होना चाहिए कि है कि भविष्य में जो भी रक्षा उपकरण चाहिए उसका निर्माण देश में ही होगा। तभी देश आत्मनिर्भर होगा।



**150 वर्ष पूरे**
नायब सिंह सैनी

# वंदे मातरम् ने जगाई आजादी की लौ

भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के 150 वर्षों के कालखंड में ऐसा कोई दौर नहीं था, जब वंदे मातरम् का स्वर क्रांतिकारियों, सत्याग्रहियों, समाज सुधारकों, युवाओं व भारत माता के लिए मर मिटने वाले राष्ट्रभक्तों के गले से न फूटा हो। 1875 में बंगाल के तत्कालीन राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य में उत्पन्न यह गीत धीरे-धीरे भारत की आत्मा की आवाज़ बन गया। 1882 में 'आनंदमठ' उपन्यास के माध्यम से यह गीत जन-चेतना के केन्द्रीय भाव में स्थापित हुआ। 1896 में कलकत्तामें हुए कांग्रेस अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा पहली बार सार्वजनिक गायन किया गया। 1905 के बंग-भंग आंदोलन ने इस गीत को राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवित प्रतीक बना दिया।

वर्ष 2025, भारत के इतिहास का वह ऐतिहासिक पड़ाव है, जब राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 1875 में बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत केवल साहित्य की रचना नहीं था। यह भारतीय चेतना, अस्मिता, स्वाधीनता व राष्ट्रभाव के बीज बोने वाला शब्द–शस्त्र था। यह गीत जन-मन की वही ऊर्जा है, जिसने गुलामी के अंधकार को भेदकर स्वतंत्रता की सुबह का विश्वास जगाया। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के 150 वर्षों के कालखंड में ऐसा कोई दौर नहीं था, जब वंदे मातरम् का स्वर क्रांतिकारियों, सत्याग्रहियों, समाज सुधारकों, युवाओं व भारत माता के लिए मर मिटने वाले राष्ट्रभक्तों के गले से न फूटा हो।

1875 में बंगाल के तत्कालीन राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य में उत्पन्न यह गीत धीरे-धीरे भारत की आत्मा की आवाज़ बन गया। 1882 में 'आनंदमठ' उपन्यास के माध्यम से यह गीत जन-चेतना के केन्द्रीय भाव में स्थापित हुआ। 1896 में कलकत्तामें हुए कांग्रेस अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा पहली बार सार्वजनिक गायन किया गया। फिर 1905 का बंग-भंग आंदोलन आया, जिसने इस गीत को राष्ट्रीय स्वाभिमान का जीवित प्रतीक बना दिया। इस कालखंड में देश की हर गली व सड़क से लेकर क्रांतिकारियों की गुप्त सभाओं तक, हर भारतीय के गले में एक ही स्वर गूँज रहा था – वंदे मातरम्। यही वह गीत था, जिसने मातृभूमि को देवी के स्वरूप में स्थापित किया और आज़ादी की लड़ाई को आध्यात्मिक, भावनात्मक व वैचारिक शक्ति प्रदान की। 1950 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्र गीत का दर्जा प्रदान किया।

मेरा मानना है कि किसी भी आंदोलन को सफल बनाने के लिए केवल अस्त्र-शस्त्र ही नहीं, बल्कि भाव, विचार, विश्वास और राष्ट्रीय चरित्र की भी आवश्यकता होती है। वंदे मातरम् ने गुलामी पर गर्व करने की गुलाम मानसिकता को तोड़ा और भारत की जनता को यह बताया कि हम भी विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक हैं। हमारे पास संस्कृति है, परंपरा है, मूल्य हैं, आत्मसम्मान है और मातृभूमि की रक्षा का अटूट संकल्प है। इसी गीत की उर्जा से सावरकर जैसे वीर जगे, चन्द्रशेखर आज़ाद जैसी शहादतें जन्मीं, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी पले, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रवादी नायक विश्व मंच पर उठे। इतिहास साक्षी है कि वंदे मातरम् का एक-एक शब्द ब्रिटिश सत्ता की नींद उड़ाने में सक्षम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज जब भारत आत्मनिर्भरता, तकनीकी नेतृत्व, अंतरराष्ट्रीय आस्था, सांस्कृतिक पुनरुत्थान और वैश्विक शांति जैसे नए आयामों की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। तब वंदे मातरम् की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। अमृतकाल का भारत केवल इतिहास की महिमा का पाठ नहीं पढ़ना चाहता, बल्कि आने वाले भविष्य के भारत को गढ़ना चाहता है। यह गीत आज भी भारतीय लोकतंत्र के नैतिक कम्पास जैसा है, जो हमें याद दिलाता है कि राजनीति का लक्ष्य सत्ता नहीं, राष्ट्र सर्वोच्च है। मोदी जी का मानना है कि विकास के हर निर्णय में भारत पहले, भारत की जनता पहले, भारत की अस्मिता पहले, यही भारतीय लोकतंत्र की मूल दिशा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्षों में वंदे मातरम् के संदेश को



आधुनिक राष्ट्रनिर्माण के भाव से पुनर्स्थापित किया है। उन्होंने इसे केवल सांस्कृतिक स्मृति या प्रतीकवाद तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे नई पीढ़ी की राष्ट्र चेतना के केंद्र में स्थापित किया है। आज जब भारत विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है, प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच, हर अवसर, हर वैश्विक संवाद में भारत की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता की प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित किया है।

उन्होंने मातृभूमि के प्रति सम्मान, भारत की पहचान पर गर्व, भारतीयता को आत्मविश्वास के साथ अपनाने और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को जन-जन तक पहुँचाया है। वंदे मातरम् के इस 150 वर्ष के पड़ाव पर यह कहना उचित है कि नये भारत की विचारधारा, नये भारत का आत्मविश्वास और नये भारत की नीति दिशा, सब में इस गीत की आत्मा कार्यशील व जीवित रूप में दिखती है। अगले 25 वर्ष भारत के भविष्य निर्माण का निर्णायक काल है। आने वाले 2047 के भारत की यात्रा केवल आर्थिक महाशक्ति बनने की यात्रा नहीं, यह सामूहिक चरित्र, नए सामाजिक अनुशासन, नए सांस्कृतिक अभ्युदय और लोकतंत्र की नई ऊंचाइयां छूने की यात्रा है।

यह वह समय है जब भारत को सभी पीढ़ियों को एक सूत्र में पिरोने वाली साझा राष्ट्रीय भावना की आवश्यकता है। यही साझा राष्ट्रीय भावना'वंदे मातरम्' में निहित है। यह गीत भारत को केवल भावनात्मक रूप से नहीं जोड़ता, बल्कि यह हमारी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी को जागृत करता है। यह हमें याद दिलाता है कि राष्ट्रवाद विभाजन का नहीं, राष्ट्रवाद एकता का नाम है। यही राष्ट्रवाद भारत के लोकतंत्र को विश्व का सबसे सशक्त, सर्वश्रेष्ठ और सर्वसमावेशी लोकतंत्र बनाता है।

'वंदे मातरम्' मां भारती को प्रणाम करने का मंत्र है। यह गीत हमारे संविधान, हमारी संस्कृति, हमारी स्वतंत्रता, हमारी अस्मिता और हमारी साझा राष्ट्रीय चेतना का अमर गीत है। आज जब 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं, हमें भारत की आने वाली पीढ़ियों को यह बताना चाहिए कि चाहे देश कितना भी आगे बढ़ जाए, चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत हो जाए, चाहे वैश्वीकरण कितना भी व्यापक हो जाए, हमारी आत्मा, हमारी पहचान और हमारी राष्ट्रीय धुरी मातृभूमि ही रहेगी। भारत की माटी से बढ़कर कोई पूज्य नहीं है। 150 वर्षों का यह गौरव सिर्फ इतिहास का अध्याय नहीं है। यह भविष्य की दिशा है। स्वतंत्रता से डिजिटल क्रांति तक भारत की हर लड़ाई का सार यही था और आगे भी यही रहेगा। जब बच्चा पहली बार "वन्दे मातरम्" बोलता है,तो वह भारतीय संविधान की आत्मा में पहला कदम रखता है। आज जब विश्व भारत की ओर सम्मान से देखता है, तो उस सम्मान का असली आधार यह राष्ट्रभाव है – "वन्दे मातरम्"। वन्दे मातरम् भारत की सामूहिक चेतना, सामूहिक संकल्प और सामूहिक अस्मिता का प्रथम, अनन्त, सर्वोच्च उच्चारण है।

( लेखक मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी आबादी

डॉ. मोनिका शर्मा



# बिहार चुनाव : अपने मत मायने समझती स्त्रियां

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में आधी आबादी ने जमकर मतदान किया। कई क्षेत्रों में तो महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। पहले चरण की 121 सीटों पर हुई बंपर वोटिंग में महिला वोटरों का उत्साह राजनीति के समीकरण बनाने और बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, मतदान केन्द्रों पर लगी स्त्रियों की लंबी कतारें एक नागरिक के तौर पर अपने मत के मायने समझने का भी द्योतक बनीं हैं। व्यापक रूप से देखा जाय तो महिलाओं की यह भागीदारी कई मायने में शिक्षा, सजगता और सामाजिक भूमिका में आ रहे सकारात्मक बदलावों का भी परिणाम है। दरअसल, जीवन की बेहतरी से जुड़ी सरकारी योजनाएं हों या सुरक्षित परिवेश बनाने की कवायद। सरकारी नीतियों और सामाजिक माहौल से महिलाओं का जीवन सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि बिहार में 2010 के बाद आधी आबादी ने हर बार बढ़-चढ़कर मतदान किया है। तब से महिलाएं इस राज्य में भी चुनाव की धुरी बनी हुई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में हुए रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में भी स्त्रियों की भागीदारी अहम दिखी है। ध्यातव्य है कि 2020 के पहले चरण की तुलना में यह आंकड़ा कुल मतदान का करीब 8 प्रतिशत ज्यादा है। मतदान में स्त्रियों की बढ़ती हिस्सेदारी के चलते ही इस बार भी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने महिला मतदाताओं पर केन्द्रित योजनाओं पर विशेष ध्यान भी दिया है। चाहे एनडीए हो या फिर महागठबंधन, सभी दल आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और सरकार बनाने के लिए उनका साथ पाने के लिए प्रयासरत दिखे। यूं भी बीते कुछ दिनों में प्रदेश में चुनावों में विकास, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे छाये रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसे सभी मुद्दे महिलाओं के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर डालते हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती योजनाओं और नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा रहा है। असल में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ के परिणाम के अलावा आधी आबादी के इस उत्साह और रुझान को उनके दायित्वबोध से जोड़कर देखना भी जरूरी है। भारत की स्त्रियां भी ना केवल जमीनी मुद्दों को समझती हैं बल्कि उनसे जुड़े सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को सबसे ज्यादा झेलती भी हैं।

देशभर से आए दिन सामने आती घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा और जीने की सहजता का आधी आबादी को आज भी इंतजार है। यही वजह है कि सुरक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में अहम चुनावी मुद्दा रही है। नतीजतन, महिला मतदाताओं के लिए सुरक्षित परिवेश की जरूरत जाति या सामुदायिक भेद से परे वोट करने की बुनियाद बन गई है। मतदाता समूह के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करते हुए आधी आबादी की बहुत की सोच बहुत स्पष्ट रहती है। निःसन्देह, लाभकारी योजनाएं उन्हें भी प्रभावित करती हैं पर असुरक्षित माहौल में किसी भी तरह की सहायता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। समझना आवश्यक है कि 2016 में बिहार की महिलाओं ने शराबबंदी और सुरक्षित परिवेश को अपना समर्थन देकर इसी बात को पुख्ता किया था। असल में देखा जाए तो स्त्रियों के स्वतंत्र रूप से अपना मत देने के आंकड़े ही शराब बंदी के बाद बढ़े हैं। तब महिलाओं ने अपने जीवन से हर पक्ष को प्रभावित करने वाले शराबबंदी के निर्णय के लिए नितीश कुमार का खुलकर समर्थन किया था। भारत के चुनावी इतिहास में स्त्रियों का यह रुझान बहुत व्यावहारिक और परिपक्व सोच की बानगी माना जाता है। महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में कमी आई। विशेषकर घरेलू हिंसा दुष्कर्म, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और भावनात्मक हिंसा जैसे अपराधों में रेखांकित करने योग्य कमी आई। महिलाओं की बड़ी आबादी का जीवन इस निर्णय से प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के मुताबिक 83 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी से पहले पर उन्हें अक्सर पति की शारीरिक या भावनात्मक हिंसा झेलनी पड़ती थी। सामाजिक बेहतरी, पारिवारिक स्थिरता और स्वास्थ्य लाभ से जुड़ा यह निर्णय आज भी महिला वोटरों के मन के जुड़ा है। ऐसे में महिला मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट देने के लिए घर से निकलना इस बार भी निर्णायक साबित हो सकता है।

( लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
**दर्शन**

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है। जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

## ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन



मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।
**- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

### आरजेडी बेचैन



बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शेल्टर होम तैयार



दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अब गारंटी है



'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन–तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# लुटनिक ने ट्रंप की शुल्क शक्तियों का किया बचाव



अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ''बात मनवाने'' के लिए शुल्क का इस्तेमाल एक कूटनीतिक हथियार के रूप में किया और भारत से आग्रह किया कि वह रूस से ''तेल खरीदना बंद करे'' ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में मदद मिल सके। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने ऐसे वक्त में ट्रंप की शुल्क शक्तियों के इस्तेमाल का बचाव किया जब उच्चतम न्यायालय में इसकी वैधता पर सुनवाई जारी है। लुटनिक ने कहा, 'राष्ट्रपति इन शुल्कों का उपयोग न्याय खरीदने के लिए कर रहे हैं। वह रूस और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं, जहां उन्होंने भारत से कहा है कि 'तेल खरीदना बंद करो'।' न्यायालय इस बात की जांच कर रहा है कि क्या 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनमिक पावर्स एक्ट' (आईईईपीए) के तहत ट्रंप के लिए आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके कई देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर व्यापक प्रत्यावर्ती शुल्क लागू करना कानूनी था। लुटनिक ने विश्वास जताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति यह मुकदमा जीतेंगे क्योंकि ये शक्तियां अमेरिका की रक्षा करती हैं।

## ऑफ बीट

# पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग



दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग–अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग–अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवतः मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विश्व विजेता बेटियों का सम्मान : स्मृति, जेमिमा और राधा को महाराष्ट्र सरकार ने दिए 2.25 करोड़

एजेंसी ▸▸| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया। दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान फडणवीस ने तीनों को 'महाराष्ट्र का गौरव' बताया और कहा कि टीम की जीत युवा लड़कियों को खेलों में शामिल होने के साथ वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी। फडणवीस ने कहा, 'आपने महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया है। आपकी जीत से राज्य में खुशी का माहौल है।





### कोच मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक

क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 11 लाख रुपए दिए गए। गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी, पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डायना एडुल्जी, विश्लेषक अनिरुद्ध देशपांडे, लॉजिस्टिक्स समन्वयक अपर्णा गंभीरराव और सहयोगी स्टाफ सदस्य मिहिर उपाध्याय, पूर्वा काटे और ममता शिरुरुल्ला इस मौके पर मौजूद थे।

### महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया : मंधाना

उप-कप्तान मंधाना ने राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें आमंत्रित करने और सम्मानित करने के लिए धन्यवाद और वो भी मुंबई में जो इसे और भी खास बनाता है। महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया है। 2017 में भी जब हम उपविजेता रहे थे तब भी हमें सम्मानित किया गया था। हमारे कई सहयोगी स्टाफ इसी राज्य से हैं। उनकी कड़ी मेहनत के बिना यह जीत संभव नहीं होती।'

### सीएम चंद्रबाबू नायडू से मिली श्रीचरणी




अमरावती में भारतीय क्रिकेटर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य के मानव संसाधन विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी को भारत की महिला विश्व कप जीत पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी से कहा कि महिला विश्व कप जीतकर उन्होंने भारतीय महिलाओं की शक्ति का परिचय दिया है। वह महिला एथलीट्स के लिए एक आदर्श बन गई हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को विजेता बनाने वालीं स्पिनर के साथ सेल्फी। श्रीचरणी ने महिला विश्व कप 2025 में 9 मुकाबले खेलते हुए 27.64 की औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए थे।

### अमनजोत-हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

**चंडीगढ़।** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया।



पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हवाई अड्डे से बाहर आते ही दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने कहा, 'यह जीत पूरे भारत, पूरे पंजाब की है।' उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। अमनजोत ने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे।' देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपन के सेमीफाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांतिरा सीलन ने सिडनी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी करेन ब्लूम को सीधे गेम में हराकर 'एनएसडब्ल्यू ओपन' स्क्वॉश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 24 वर्षीय चेन्नई की खिलाड़ी ने पीएसए चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में करेन को 22 मिनट में 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। इस बीच पांचवीं वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी ने स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में 32,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की स्पर्धा 'सेंट जेम्स एक्सप्रेशन' ओपन के अंतिम-16 मुकाबले में मिस्र के मोहम्मद शराफ को 11-7, 10-12, 11-5, 11-8 से हराया।

### गलतियों से सबक लेकर अपने शॉट में किए सुधार



**कैरारा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने वाले भारतीय खिलाड़ी अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी 'पिछली गलतियों' से सीख लेते हुए बाउंड्री के आकार को अपने शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया। अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अक्षर ने 'कहा, ' जाहिर है, मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।

### गेंदबाजों का कहर, अफ्रीकी टीम 221 रन पर सिमटी



**बेंगलुरु।** मार्क्स एकरमैन की शतकीय पारी के बावजूद भारत ए ने दूसरे चार दिवसीय मैच में दूसरे दिन तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 221 रन पर समेट कर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की। भारत 'ए' ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 78 रन बनाकर अपनी बढ़त को 112 रन तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (26) के साथ कुलदीप यादव (शून्य) क्रीज पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद सिराज (61 रन पर दो विकेट) और आकाशदीप (28 रन पर दो विकेट) ने बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र की पिच का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते करने हुए आपस में सात विकेट साझा किए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 221 रन पर सिमट गई।

### आज दोपहर 1:45 बजे से भारत का विदेशी सरजमीं पर पांचवां टी-20

# ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| ब्रिसबेन

विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम 8 नवंबर को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा।

### गिल ने दिया लय में वापसी का संकेत

भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी, जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था।



### टीम इंडिया का निचला क्रम प्रभावी

भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

### हेजलवुड के हटने से पैनापन की कमी

हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

### 1925 में हुआ था हॉकी महासंघ का गठन

# हॉकी के दिग्गजों ने मनाया सौ साल पूरे होने का जश्न




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 वर्ष के गुरबख्श सिंह से लेकर पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह तक कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। सौ वर्ष पहले 1925 में ग्वालियर में भारतीय हॉकी महासंघ का गठन हुआ था। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय हॉकी टीम के महानायकों को इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर सम्मानित किया गया, जिनमें ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह (1964 और 1968), हरबिंदर सिंह (1964, 1968 और 1972), अशोक कुमार (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप) , बीपी गोविंदा (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), असलम शेर खान (1975 विश्व कप), जफर इकबाल (1980 ओलंपिक) ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (1972 ओलंपिक) के अलावा रोमियो जेम्स, असुंथा लाकड़ा और सुभद्रा प्रधान शामिल हैं । इस अवसर पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हॉकी के जरिये ही ओलंपिक में भारत को पहचान मिली और दुनिया को दिखाया कि खेलों में हमारा देश क्या कर सकता है और तभी से हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा ।

### आज से साल्ट लेक स्टेडियम में बेटन कप

**कोलकाता।** बेटन कप का 126वां सत्र नव-उद्घाटित विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है। साल्ट लेक स्टेडियम परिसर में स्थित इस अत्याधुनिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया। दुनिया की सबसे पुरानी हॉकी चैंपियनशिप में देश के कई वर्तमान और पूर्व ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर चुनौती पेश करते हुए दिखाई देंगे।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# कोको को हराकर अंतिम चार में पहुंची सबालेंका

एजेंसी ▸▸| रियाद



शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने कोको गॉफ को 7-6, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप चरण में लगातार तीसरी जीत के साथ अमेरिका की इस प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। सबालेंका की जीत का मतलब है कि वह बेलारूस की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के साथ अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पेगुला ने इससे पहले जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड 2-1 (दो जीत और एक हार) कर लिया था। गत चैंपियन गॉफ का स्कोर 1-2 रहा, जबकि पाओलिनी का स्कोर 0-3 रहा।

# डी कॉक ने तोड़ा गिब्स का रिकॉर्ड, द. अफ्रीका ने पाक को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸| फैसलाबाद



क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 123 रन की शानदार पारी खेलकर हर्शल गिब्स का वनडे शतक रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिससे वह दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी ने प्रोटियाज को पाकिस्तान पर 8 विकेट से जीत दिलाने में मदद की और तीन मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया। क्विंटन डी कॉक, जो अपनी चतुर तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए, जब उनकी बल्लेबाजी की उत्कृष्ट कृति ने प्रोटियाज को दूसरे मैच में फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में पाकिस्तान पर 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। तेजतर्रार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 123 (119) की पारी खेली, जो कि भाग्य से भरपूर थी, जिससे पाकिस्तान को दूसरे वनडे में 270 रनों के मामूली लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिली। एक और शानदार प्रदर्शन के साथ, डी कॉक के शतकों की संख्या 22 हो गई, जिससे उन्होंने हर्शल गिब्स के 21 वनडे शतकों को पीछे छोड़ दिया।



### संस्कारधानी में भारत गोल्फ महोत्सव को मिल रहा जोरदार समर्थन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर एक ऐतिहासिक खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। 8 और 9 नवंबर को होने जा रहा भारत गोल्फ महोत्सव (**Bharat Golf Mahotsav**) शहर में उत्साह और गर्व का माहौल लेकर आया है। शहर के उद्योगपति, व्यापारी और आमजन इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह आयोजन जबलपुर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

# हांगकांग सिक्सेस : भारत ने पाकिस्तान को दी मात, रॉबिन और बिन्नी ने खेली धमाकेदार पारी

एजेंसी ▸▸| हांगकांग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और भरत चिपली की धमाकेदार पारियों के साथ स्टुअर्ट बिन्नी की किफायती गेंदबाजी की बदौलत भारत ने हांगकांग सिक्सेस के बारिश से प्रभावित पूल सी मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से पाकिस्तान को दो रनों से हरा दिया। उथप्पा ने 11 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेली जबकि चिपली ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए , जिससे भारत ने छह ओवर में 4 विकेट पर 86 रन बनाए। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करने की अच्छी शुरुआत की और भारी बारिश के कारण खेल



रुकने से पहले तीन ओवर में 1 विकेट पर 41 रन बना लिए थे। मैच रोके जाते समय पाकिस्तान डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत से दो रन पीछे था। भारत की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी का किफायती गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अपने ओवर में सिर्फ सात रन खर्च कर एक विकेट लेकर मैच में बड़ा प्रभाव डालने वाला प्रदर्शन किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया

ऑस्ट्रेलिया ने पूल बी मैच में यूएई को 10 विकेट से हराया। टीम ने जैक वुड (11 गेंद में 55 रन) और निक होबसन (पांच गेंद में नाबाद 26 रन) की पारियों से जीत के लिए मिले 88 रन के लक्ष्य को महज तीन ओवर में हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान ने पूल ए में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका को 49 रन से शिकस्त दी। कप्तान गुलबदिन नायब ने 12 गेंद में 50 जबकि करीत जनत ने 11 गेंद में 46 रन से बनाए,जिससे अफगानिस्तान ने छह ओवर में दो विकेट पर 148 रन का स्कोर खड़ा किया।

### चाइना चैंपियनशिप

### दीक्षा और प्रणवी ने बनाई कट में जगह

**शेनजेन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर के बाद अरामको चाइना चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक अगले दौर में पहुंचने से चूक गईं। दीक्षा ने चार बर्डी और एक बोगी से तीन अंडर 70 का कार्ड खेला जबकि प्रणवी ने तीन अंडर 70 का कार्ड बनाया, जिसमें पांच बर्डी शामिल थीं। दीक्षा संयुक्त 35वें और प्रणवी संयुक्त 49वें स्थान पर रहीं। थाईलैंड की चिंगलाब ने 65 का कार्ड खेलकर 12 अंडर के कुल स्कोर से एकल बढ़त बनाए हैं।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंखेरी खेड़ी तक नये रोड का निर्माण (रोड आईडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 15.11.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | जिला परिषद अम्बाला | वीएएनजीवाई नारायणगढ़ :- गांव लालपुर ब्लॉक नारायणगढ़ में बाल्मिकी मंदिर के निकट पंचायत भूमि में आयरन शैड का निर्माण + 6 कार्य। | 04.11.2025 10.11.2025 | 66.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 3 | जिला परिषद अम्बाला | वीएएनजीवाई ब्लॉक अम्बाला-1, गांव बारा ब्लॉक अम्बाला-1 में इंडियन बैंक से लोनिवि रोड तक नाला का निर्माण - अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण, गांव बारा ब्लॉक अम्बाला-1 जिला अम्बाला + 1 कार्य। | 04.11.2025 10.11.2025 | 21.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव नयागांव जीपी गोठड़ा मोहब्बताबाद ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में बारात घर की चारदिवारी और टीन शैड का निर्माण, एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 06.11.2025 14.11.2025 | 110.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव साग्गा ब्लॉक नीलोखेड़ी में पीएम श्री जे.एन.वी. में शिवालिक जूनियर सदन में टॉयलेट की मरम्मत और गांव साग्गा ब्लॉक नीलोखेडी में पीएम श्री जे.एन.वी. में शिवालिक सीनियर सदन में टॉयलेट की मरम्मत। | 01.11.2025 11.11.2025 | 11.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव स्टौंडी ब्लॉक मुनक जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 1 कार्य। | 04.11.2025 12.11.2025 | 97.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में डीजी सैट्स समेत अग्निशमन और विद्युत प्रणाली के सीएमसी हेतु निविदा। | 10.11.2025 24.11.2025 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- आटो मार्केट (बूटा राम कॉलोनी) में नये आईपीएस अर्थात पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, पम्प चेम्बर, चारदिवारी का निर्माण, 315 मिमी ओ/डी एचडीपीई मेन बिछाना, आरसीसी संग्रहण टैंक और मौजूदा आईपीएस बाल भवन के संवर्धन समेत आर.सी.सी. संग्रहण टैंक का निमाण, चारदिवारी, पम्प चेम्बर का निर्माण, मौजूदा एम.एच. से संग्रहण टैंक तक 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप बिछाना, आरसीसी स्क्रीन चेम्बर का निर्माण और मौजूदा प्वाइंट से मौजूदा मेन होल चेम्बर नत्तार रोड सिरसा तक 315 मिमी एचडीपीई राइजिंग मेन का विस्तार और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.11.2025 14.11.2025 | 123.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा में नई अनुमोदित की गई कॉलोनियों में 200 मिमी, 250 मिमी, 300 मिमी एसडब्ल्यू पाइप और 400 मिमी, 500 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप सीवर का प्रावधान व बिछाना और मैनहोल चेम्बर का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (डीएनआईटी राशि 1170.12 लाख) | 04.11.2025 26.11.2025 | 1170.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 माह की अवधि के लिए जैटिंग कम सक्शन और ग्रैब मशीन कम्पलीट सैट का प्रचालन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.11.2025 11.11.2025 | 7.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- आकार 150.00×30.00×4.00 मी. और 60.00×60.00×4.00 मी. के 2 अदद एस/एस टैंक का निर्माण। जलघर में 4.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, जलघर और पम्पिंग स्टेशन हेतु पम्पिंग मशीनरी का निर्माण और बूस्टिंग स्टेशन नं. 4 और बूस्टिंग स्टेशन नं. 5 में आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए पम्पिंग मशीनरी, डी.आई.जी. राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन का निर्माण, एफएचटी कनेक्शन, एस/एस टैंकों की मरम्मत और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (डब्ल्यूटीपी की एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि का प्रचालन और रखरखाव, 5 वर्ष का ओ एवं एम तथा 3 माह की ट्रायल रन अवधि)। | 04.11.2025 26.11.2025 | 1041.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/40134/I/88/6 दि. 07.11.25






# राजद-कांग्रेस का गुब्बारा फटा, जंगलराज वाले वापसी को बेचैन और गा रहे 'बनेंगे रंगदार'

## कैमूर और औरंगाबाद में पीएम मोदी ने महागठबंधन पर किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ पटना

उनके समर्थन एनडीए का नारा लगा रहे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कैमूर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। पहले चरण के मतदान के बाद राजद-कांग्रेस का गुब्बारा पूरी तरह फट गया है। उनके समर्थक भी फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा लगा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज के युवराज से जब पूछा जाता है कि बड़े-बड़े वादे कैसे पूरे करेंगे? वह कहते हैं कि उनके पास प्लान हैं। राजद वालों का एक गाना है कि 'आएगी भैया की सरकार, बनेंगे रंगदार'। अब सोचिए कि राजद वाले इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी सरकार आए और अपहरण-रंगदारी फिर से शुरू हो जाए।



बिहार के कैमूर में चुनावी सभा को संबोधित करते पीएम मोदी। पार्टी के सभी सहयोगी साथ में दिखाई दे रहे हैं।

### भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से

पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि राजद वालों का एक और गाना है। वह गाना है- भैया के आबे दे सत्ता, कट्टा सटा के उठा लेब घरवा से'। उन्होंने कहा कि राजद वालों को जनता की सेवा नहीं करनी है। उन्हें केवल जनता को लूटना है। उन्हें घर से उठवा लेना है। राजद का एक और गाना चल रहा है। वह गाना है- 'मारब छिक्सर के छह गोली छाती में'। यही इनका तौर तरीका है। यही उनका प्लान है। यही जंगलराज की आहत है।

### जनता अब जंगलराज नहीं चाहती, तय हो गया

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं इस क्षेत्र की सभी महानविभूतियों को नमन करता हूं। पहले चरण के मतदान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहले चरण के मतदान से स्पष्ट है कि बिहार के लोग अब किसी भी कीमत पर जंगलराज को लौटने देना नहीं चाहते हैं।

### कट्टा और फिरौती का दौर फिर नहीं लौटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में राजद पर निशाना साधा और कहा कि 'जंगलराज वालों' के पास वह सब कुछ है, जो नौकरी और निवेश दोनों के लिए खतरा है। उन्होंने बिहार की जनता को सतर्क करते हुए कहा कि ये (राजद समर्थक) खुली घोषणा कर रहे हैं कि 'भैया की सरकार' आएगी तो कट्टा, दोनाली और फिरौती, यही सब चलेगा। लेकिन बिहार में 'कट्टा सरकार' नहीं चाहिए।

### जंगलराज वाले विनाश और दुख के प्रतीक

भभुआ में पीएम मोदी ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि ये जंगलराज वाले लोग सत्ता में लौटने के लिए इतने बेचैन क्यों हैं। वे जनता की सेवा नहीं करना चाहते। वे बंदूक की नोक पर जनता को लूटना चाहते हैं, उन्हें लूटना चाहते हैं। ये विनाश और दुख के प्रतीक हैं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल का प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला

## पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया और वे चोरी करके प्रधानमंत्री बने



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

### संविधान पर हमला हो रहा

राहुल ने कहा कि 'मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। यही काम वे बिहार में करने जा रहे हैं, उन्होंने मध्य प्रदेश और छग में भी ऐसा किया है और हरियाणा में भी ऐसा हुआ है। गुजरात में भी यह बार-बार हो रहा है।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली करेंगे, राष्ट्रपति से मिलेंगे**

कांग्रेस दिल्ली के राम लीला मैदान में नवंबर के अंतिम सप्ताह में एक बड़ी रैली करेगी। कांग्रेस पार्टी का एक डेलिगेशन राष्ट्रपति से मिलकर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के दौरान सिग्नेचर कैंपेन में इकट्ठे किए गए। लगभग 5 करोड़ हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपेगा।

### पुणे की वकील की फोटो पर बवाल, वोट चोरी का उठाया सवाल

राहुल के 'वोट चोरी' के आरोपों के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के दौरान पुणे की महिला की स्याही लगी अंगुली वाली फोटो वायरल हो गई है।

**वकील ने दी सफाई- वोट का दावा नहीं किया**

विवाद को बढ़ता देख पोस्ट करने वाली वकील ने खुद इस पर सफाई दी। उन्होंने लिखा कि उनका पोस्ट सिर्फ बिहार के वोटर्स को मोटिवेट करने के लिए था और उन्होंने कभी यह दावा नहीं किया कि उन्होंने आज वोट दिया है।

### यूपी में फिर बनेगी सरकार

बिहार में जारी चुनावी गहमागहमी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भाजपा 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएंगे। न सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव को जोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी एक अच्छी सरकार चला रहे हैं। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया है। विकास के कार्यों को गति मिली है।



## शाह का बड़ा ऐलान- बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जमुई की जनता से वादा किया कि यहां डिफेंस कॉरिडोर बनेगा. जमुई में गोला बारूद का कारखाना खोलेंगे। विदेश का नहीं जमुई में बने गोला बारूद से आतंकवाद पर हमला करेंगे। मखाना बोर्ड की तरह चीनी मिल शुरू किया जाएगा। नदी से खेतों तक हम पानी पहुचायेंगे और अगले 5 साल में जमुई के प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग कर पर्यटन बढ़ाएंगे।



### आधे बिहार में हो गया लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ

शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी आरजेडी का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। अब आधे हिस्से में भी ऐसा ही होगा। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में, प्रधानमंत्री ने बिहार में सड़कों, पुलों, इथेनॉल कारखानों और चीनी मिलों का एक बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अगले पांच साल बिहार को पूरी तरह से विकसित बनाने पर केंद्रित होंगे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले

### बिहार में 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी एनडीए सरकार

बिहार में पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में बड़ा दावा कर कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका व्यवहार बचकाना है। नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए 160 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।



### जो जमीन हड़प लिए नौकरी क्या देंगे: योगी

पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में कहा कि जिन लोगों ने जंगलराज, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और अराजकता देखी है, मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपनी वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में बताएं। जो नौकरी के नाम पर भूमि हड़प ली, वे क्या देंगे?



### 121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला

तेजस्वी का दावा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है। पहली बार अभूतपूर्व बदलाव की लहर है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत

**हमीरपुर।** जिले में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला इलाके में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया।



### दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री भारती फरार घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर 2021 में रायबरेली पुलिस के साथ अभद्रता का आरोप है। इस मामले पर भारती के ऊपर एक केस भी दर्ज किया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रायबरेली के एमपी/एमएलए कोर्ट में सोमनाथ भारती के हाजिर नहीं होने पर यहां की अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर दिया है।



### बंगाल के स्कूलों में गाना होगा 'बांग्लार माटी'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 'सर' को लेकर ममता ने केंद्र के खिलाफ हल्ला बोला है। राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हर सुबह की एसेंबली में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' को अनिवार्य कर दिया है।



### अदाकारा सुलक्षणा को नम आंखों से दी विदाई

**मुंबई।** गुरुवार को बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा और गायिका सुलक्षणा पंडित का देहांत हुआ। 71 साल में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को मुंबई के विले पार्ले स्थित पवनहंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। इस मौके पर सिर्फ परिवार के करीबी मौजूद रहे। उनके भाई और म्यूजिक कंपोजर ललित पंडित शामिल हुए।

# सजा का खुलासा नहीं करने पर रद्द की जाएगी उम्मीदवारी

### सुप्रीम कोर्ट बोला- भले ही वह सजा मामूली हो और हाईकोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नामांकन पत्र में अपनी किसी भी आपराधिक सजा का खुलासा न करने पर, भले ही वह सजा मामूली हो और बाद में हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गई हो, उसकी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी। यह फैसला बिहार विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जो राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

विशेष अनुमति याचिका खारिज की


भारत का सर्वोच्च न्यायालय।

**कोर्ट ने इस मामले में सुनाया फैसला**

यह फैसला मध्य प्रदेश के भीकनगांव से नगर पार्षद पूनम के मामले में आया है। पूनम पर नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (1881) की धारा 138 के तहत चेक बाउंस के मामले में ट्रायल कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई थी।

**हलफनामे में दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य**

इसके साथ ही कोर्ट ने जोर दिया कि चुनावी हलफनामे में सभी पुरानी दोषसिद्धियों का उल्लेख अनिवार्य है, चाहे अपराध छोटा हो या सजा बाद में उलट दी गई हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित जानकारी न देना अनुचित प्रभाव डालता है, जो मतदाताओं के अधिकारों में बाधा बनता है। पूनम ने मध्य प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 24-ए (1) का पालन नहीं किया, जिसमें नामांकन पत्र में आपराधिक सजा का खुलासा अनिवार्य है।

### नामांकन पत्र में नहीं किया सजा का जिक्र

हालांकि, बाद में हाई कोर्ट ने इस सजा को पलट दिया, लेकिन पूनम ने नामांकन पत्र में इस सजा का जिक्र नहीं किया। निचली अदालतों ने उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

### यह बोले जज

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए कहा कि नामांकन पत्र में दोषसिद्धि का खुलासा न करना मतदाताओं के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। रद्द सजा का मतलब यह नहीं कि इसे छिपाने का अधिकार है।




अब्दुल राशिद शेख की याचिका पर सुनवाई

## जेल में बंद सांसद की अर्जी पर बंटे जज


दिल्ली हाईकोर्ट।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के 2जजों की पीठ शुक्रवार को तब आपस में बंट गई, जब जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस कारण पीठ ने उस मामले में खंडित फैसला सुनाया। दरअसल, सांसद ने अपनी याचिका में उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग 4 लाख रुपए जमा करने को कहा गया था।

### खर्च के वहन करने पर दी अलग-अलग राय

सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक चौधरी ने जहां सांसद राशिद की याचिका खारिज कर दी, वहीं जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने इसे स्वीकार कर लिया। राशिद ने संसद सत्र में भाग लेने के लिए केंद्र सरकार को उनकी यात्रा का खर्च वहन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस पर जस्टिस भंभानी का कहना है कि सरकार को सांसद राशिद की यात्रा का खर्च वहन करना चाहिए, जबकि जस्टिस चौधरी का कहना है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए।

### हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए

अब यह मामला हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय के समक्ष रखा जाएगा। दोनों न्यायाधीशों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए हैं। हमने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं। उचित आदेश के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा। जस्टिस चौधरी ने कहा कि मेरे भाई (जे भंभानी) ने आवेदन स्वीकार कर लिया है। मैंने इसे अस्वीकार कर दिया।

### टेरर फंडिंग में फंसे राशिद

राशिद आतंकी वित्त पोषण के मामले में मुकमदे का सामना कर रहे हैं, जिसमें आरोप है कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों और आतंकी समूहों को वित्त पोषण किया है। वर्ष 2017 के आतंकी वित्त पोषण मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पिछले साल सितंबर में उन्हें जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक महीने की अंतरिम ज़मानत दी गई थी।



अमेरिकी राष्ट्रपति का ऐलान...

## अब्राहम समझौते में शामिल होने जा रहा है कजाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जानकारी दी है कि इजराइल के साथ मुस्लिम देश कजाकिस्तान भी अब्राह्म समझौते में शामिल होने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि मैंने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव के बीच एक शानदार बातचीत की। कजाकिस्तान मेरे दूसरे कार्यकाल का पहला देश है जो अब्राहम समझौते में शामिल हुआ है। यह दुनियाभर में सेतु बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज, मेरे अब्राहम समझौते के माध्यम से और भी कई देश शांति और समृद्धि को अपनाने के लिए कतार में खड़े हैं। हम जल्द ही इसे आधिकारिक बनाने के लिए एक हस्ताक्षर समारोह की घोषणा करेंगे। ट्रंप ने बताया कि वह कई अन्य देशों से इस शक्ति समूह में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिरता और विकास के लिए देशों को एकजुट करने में अभी बहुत कुछ बाकी है, वास्तविक प्रगति, वास्तविक परिणाम। अब्राहम समझौते की शुरुआत ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी।









हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25